
केन्द्रीय राज्य मंत्री
बनाये जाने के पश्चात्
प्रथम छत्तीसगढ़
आगमन पर
मा. तोखन साहू जी
का
स्वागत्, वंदन, अभिनंदन...
सीमा संतोष साहू
पार्षद
टेशु साहू
पार्षद
गोदावरी साहू
पार्षद
सावित्री साहू
पार्षद
रोहित साहू
पार्षद
भोला साहू
पार्षद
गोपेश साहू
पार्षद
डॉ. प्रमोद कुमार साहू
अध्यक्ष - जोन क्रं.3, न.पा.नि.रायपुर, पार्षद - महात्मा गांधी वार्ड क्रं.12 न.पा.नि.रायपुर

## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़-आगजनी के दोषियों पर हो कार्रवाई


**रायपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज के कार्यकारी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र ने गिरौदपुरी धाम में हुई घटना तथा बलौदाबाजार में आगजनी के संबंध में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्री त्रिवेंद्र ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पूजनीय जैतखंब में तोड़फोड़ की घटना निंदनीय है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से सतनामी समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने मौके का फायदा उठाते हुए बलौदाबाजार में शासकीय कार्यालय में आगजनी एवं तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में समाजजनों पर कार्रवाई की जा रही है। वास्तविक आरोपियों की तलाश कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पर्यावरण बचाने हनुमान चालीसा पाठ 24 को

**रायपुर।** पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को जगाने पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय टाटीबंद के सामने मजदूर सेवा समिति द्वारा 24 जून को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस संबंध में अजय चकोले ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि मजदूर सेवा समिति को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उरला, सिलतरा, बिरगांव, बोरझरा क्षेत्र में कारखानों, फैक्ट्रियों द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग को जगाने के लिए समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण दिवस के मौके पर मजदूर सेवा समिति ने औद्योगिक क्षेत्र उरला में शिविर लगाकर हजारों पौधे निशुल्क वितरित किए।

## निधन

### चतुर्भुज शर्मा



**रायपुर।** जनता कॉलोनी गुढ़ियारी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक चतुर्भुज शर्मा का 14 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे निर्मल शर्मा, नीतेश शर्मा एवं रूपेश शर्मा के पिता थे।

### डॉ. अशोक कुमार धुरंधर



**रायपुर।** डीडीनगर निवासी बीएसएनएल के अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त डॉ. अशोक कुमार धुरंधर (64) का 13 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम करमा (भैंसा) में 16 जून को किया जाएगा। वे संध्या धुरंधर के पति तथा स्वाति एवं गरिमा के पिता थे।

### इंद्रादेवी जसूजा



**रायपुर।** गणपति होम्स गंगा विहार अमलीडीह निवासी इंद्रादेवी जसूजा का 13 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जून को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश, आनंद राम, मोहन एवं सुरेश जसूजा की माता थीं।

### नरेंद्र शर्मा



**रायपुर।** मुकुट नगर निवासी नरेंद्र शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जून को सुबह 9 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. जीवराखनलाल शर्मा (बेमता वाले) के पुत्र, कर्मचारी नेता बीके शर्मा के छोटे भाई एवं अवनेंद्र शर्मा, अपेक्षा शर्मा के पिता थे।

### कोदूराम सेन



**रायपुर।** शक्तिपारा उरकुरा निवासी कोदूराम सेन (62) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कुमुद सेन के पति, परमा सेन एवं राजेश सेन के पिता थे।

# लॉ छात्रों को बांट दिए गलत प्रश्नपत्र, प्रबंधन ने कहा-लिखकर दें हम परीक्षा नहीं देंगे

## हंगामे के बाद परीक्षा निरस्त, शुक्रवार सुबह से रविवि में होता रहा बीएएलएलबी छात्रों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय मूल्यांकन से लेकर जल्द परिणाम जारी किए जाने तक, कई तरह के वादे करने वाले रविवि की परीक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार सुबह प्रथम पाली में बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं थी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, राजनीति विज्ञान तृतीय प्रश्नपत्र की परीक्षा शुक्रवार को थी। इसके स्थान पर रविवि ने राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र के पर्चे बांट दिए। जब छात्रों ने प्रश्नपत्र देखे को उनके होश उड़ गए। इसके बाद सभी छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परीक्षा कक्ष छोड़कर छात्रों ने विवि का प्रशासनिक भवन घेर लिया। इसके बाद रविवि ने परीक्षा निरस्त कर दी। विवि प्रबंधन द्वारा 10 जुलाई के बाद परीक्षाएं आयोजित किए जाने की बात कही गई है। शेष विषयों की परीक्षाएं होने के बाद रविवि निरस्त हो चुके विषय की परीक्षा लेगा। निश्चित तिथि रविवि द्वारा नहीं बताई गई है। दोबारा परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधित आश्वासन के पश्चात छात्रों का हंगामा समाप्त हुआ।

### बड़ी लापरवाही

राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा एक जुलाई को होनी थी। परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्रों के इस वितरण से कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। विवि द्वारा अभी तक इस पर कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने के बाद लगभग एक घंटे तक छात्रों को बैठाए रखा गया, तत्पश्चात उन्हें परीक्षा निरस्त होने की जानकारी दी गई।



### तिथि निर्धारण जल्द

परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए नई तिथि का निर्धारण जल्द किया जाएगा। छात्रहित हमारे लिए सर्वोपरी है।
**-प्रो.राजीव चौधरी,** जनसंपर्क प्रभारी, रविवि

### छात्रों का आवेदन लिखने से इनकार

*परीक्षा दिलाने आए बीएएलएलबी छात्रों का कहना है कि गलत प्रश्नपत्र थमा दिए जाने के बाद जब छात्रों द्वारा विरोध किया गया तो विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कहा गया कि वे आवेदन लिखकर दें कि वे आज परीक्षा नहीं दिलाना चाहते हैं। इसका भी छात्रों द्वारा विरोध किया गया और किसी तरह के आवेदन लिखे जाने से विद्यार्थियों द्वारा इनकार कर दिया गया। मामले को बढ़ता देखकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाइश देकर बगैर परीक्षा दिलाए भेजा गया।*

## ट्रेन रद्द होने से बसों के जरिए रायपुर पहुंच रहा है व्यापारियों का सामान

# ट्रेनें रद्द, अब 'बस' बनी मालवाहक भोपाल-नागपुर से पहुंच रहा सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून सीजन से पहले ट्रेनों के लगातार रद्द होने से शहर के व्यापारियों का सामान महानगरों से समय पर रायपुर नहीं पहुंच रहा है। 13 जुलाई तक 100 ट्रेन विभिन्न रूट में रद्द हैं। ऐसे में अब व्यापारियों ने बसों को ही माल वाहक बना लिया है। दिल्ली, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद समेत अन्य महानगरों की बसों में बड़ी संख्या में व्यापारियों का सामान पहुंचने लगा है। आलम यह है कि बसों में यात्रियों के साथ अब लगेज भी ओवरलोड होने लगा है। जून में लगातार ट्रेनों के रद्द होने से दूसरे राज्यों से सामान आने में समय लग रहा है। सुबह और रात के समय रायपुर पहुंच रही बसों की छत पर भारी सामान देखने को मिल रहा है। बस संचालकों का भी कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने पर कपड़े, जूते और स्टेशनरी के साथ फैंसी चीजों के व्यापारी बसों के जरिए सामान भिजवा रहे हैं।

### खास बातें

- बसों में अब यात्रियों साथ लगेज भी हुआ ओवरलोड
- नियमों की अनदेखी कर बसों की छत पर ढो रहे सामान, दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक




### अंबिकापुर और दंतेवाड़ा रूट पर ओवरलोड अधिक

*बसस्टैंड से अंबिकापुर और राजिम, महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे अधिक बसें चलती हैं। अंबिकापुर जाने के लिए देर रात तक लग्जरी बसों के साथ सामान्य बसें चल रही हैं। दोनों रूट पर चलने वाली बसों में ओवरलोड लगेज जमकर ढोया जा रहा है। दंतेवाड़ा रूट पर भी 3 से 5 फीट तक बसों की छतों पर सामान भरा जा रहा है। बसों की छतों पर ओवरलोड लगेज लाने और ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस व आरटीओ की है, लेकिन शहर के भीतर से गुजरने वाली और नया बसस्टैंड से प्रतिदिन दूसरे राज्यों और जिलों के लिए रवाना होने वाली बसों की जांच नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।*

### बसों की छत पर 5 फीट तक लगेज

*शहर में परिवहन के नियमों को ताक पर रखकर बस संचालक यात्रियों के साथ भारी लगेज भी ढो रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बसों में यात्री से ज्यादा अब व्यापारियों का सामान चढ़ाया जा रहा है। भाठागांव बसस्टैंड से यूपी, बिहार, भोपाल, नागपुर, झारखंड समेत कई राज्यों के लिए बसें चलती हैं। इनमें खासकर यूपी और झारखंड जाने वाली बसों के साथ अंबिकापुर, राजिम और महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे ज्यादा लगेज ढोए जा रहे हैं। दूसरी ओर कई बसों की छत पर 3 से 5 फीट तक सामान रखा जा रहा है। मानसून को लेकर व्यापारियों का लगेज सामान ट्रेन रद्द के बाद से बढ़ा है। यह यात्रियों की परेशानी के साथ हादसे की वजह भी बन रहा है। बसों की छत पर लगेज लादने और उतारते समय यात्रियों को भी खासी परेशानी हो रही है, लेकिन गंतव्य तक जाने की मजबूरी में कुछ कह नहीं पाते।*

# रेत घाट मौत मामले में तीन गिरफ्तार, तीन की पतासाजी

### जेसीबी मशीन से दबकर युवक की हुई थी मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खबर का असर**

गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन करने के दौरान मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, घटना में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। घटना तीन दिन पुरानी है। पुलिस को रेत घाट में अज्ञात युवक की लाश मिली थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। इसके बाद मौत के कारणों का पता लगाने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रेत घाट में अवैध उत्खनन करने के दौरान युवक की मौत मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पारागांव रेत खदान में रेत उत्खनन करने के दौरान जेसीबी मशीन से दबकर अभनपुर निवासी राजेश यादव की मौत हुई थी। पुलिस ने राजेश की मौत मामले में अभनपुर निवासी जयवर्धन बघेल, बेमेतरा निवासी निलेश सिंह राजपूत तथा दुर्ग निवासी विमलेश द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा घटना में शामिल फरार आरोपी मुकेश ढीढी, अंकित तिवारी तथा अज्जू उर्फ जबाहिर कर्ष की पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार जेसीबी मशीन में दबने से राजेश की दिल की धड़कन रुकने से मौत हुई है। पुलिस ने खनिज अधिकारी द्वारा लिखे पत्र के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सिख ड्राइवर का अपमान दो आरक्षक निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस में सो रहे एक सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर तथा बाल खींचकर मारने के आरोप में एसएसपी संतोष सिंह ने दो आरक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर मारने की घटना के विरोध में सिख समाज के साथ ड्राइवर एसोसिएशन ने एसएसपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसएसपी ने आरक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। घटना आठ-नौ जून दरमियानी रात की है। बस ड्राइवर बहादुर सिंह की पगड़ी उतारने तथा मारपीट करने के आरोप में एसएसपी ने आरक्षक चंद्रभान भदोरिया, सुरजीत सिंह सेंगर को निलंबित किया है। बस ड्राइवर के मुताबिक घटना दिनांक को वह बस के अंदर सो रहा था, इस दौरान दोनों आरक्षक उसके पास पहुंचे और उससे वहां रहने का कारण पूछा। तब बहादुर ने आरक्षकों को बताया कि वह महेंद्रा ट्रैवल्स का ड्राइवर है और वह बस में ही सोता है। इस पर आरक्षकों ने बहादुर से गाली-गलौज करने के साथ बदसलूकी की। गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मौके पर आरक्षकों ने बहादुर की पगड़ी खोलकर मौके पर ही मारपीट कर थाना ले आए और वहां उसकी पट्टे से पिटाई करते हुए प्रतिबंधित धारा लगाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

- घटना टिकरापारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल की

# मानसून से पूर्व नाले-नालियों की शत प्रतिशत करें सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश के दिनों में शहर में अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। ज्यादातर जलभराव नाली-नालों की सफाई नहीं होने तथा पानी निकासी के रास्ते बंद होने के कारण होता है। बारिश के दिनों में ऐसी कहीं स्थिति निर्मित नहीं हो, इसके लिए नगर निगम नाली-नालों की सफाई का अभियान चला रहा है, साथ ही जलभराव जैसे हालातों से निपटने के लिए सभी जोन कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम भी बनाई गई है। महापौर एजाज ढेबर ने शुक्रवार को सभी नाली-नालों की सफाई और जलभराव से निपटने की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नाली-नालों की सफाई नहीं है, वहां बारिश से पूर्व सफाई करा लें तथा जलभराव से निपटने के लिए टीम को भी तैयार रखें। महापौर ने निगम मुख्यालय में सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बैठक में मानसून के दौरान सुगम निकास प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली एवं इसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ने महापौर को जानकारी दी कि अब तक नाले-नालियों की 2 चरणों में सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं तीसरे चरण का काम जारी है।

- जलभराव से निपटने तैयार रखें टीम


# नहीं हो रही बारिश, सरगुजा समेत रायपुर में ग्रीष्मलहर के हालात

### मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून की गति धीमी और बारिश नहीं होने की वजह से सरगुजा और रायपुर संभाग में ग्रीष्मलहर के हालात बन गए हैं। दिन और रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री तक अधिक होने की वजह से यहां तेज गर्मी पड़ रही है। मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्द सक्रिय होने के आसार नहीं हैं। राज्य में अभी नमी की मात्रा पचास फीसदी तक सीमित है और क हीं - क हीं बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी राज्य में व्यापक रूप से बारिश की स्थिति नहीं बन पाई है। तापमान बढ़ने पर शाम होते ही अलग-अलग स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा हो रही है। शुक्रवार की शाम जशपुर और राजनांदगांव में इस तरह के हालात बने। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जब तापमान चालीस डिग्री से अधिक और पारा सामान्य से पांच से छह डिग्री तक अधिक होता है, तो उस इलाके में ग्रीष्मलहर के हालात बन जाते हैं। दोनों परिस्थिति सरगुजा और रायपुर में बनी हुई है। शुक्रवार को रायपुर का पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक था। वातावरण में केवल पचास प्रतिशत नमी होने की वजह से धूप का प्रभाव काफी विचलित करने वाला था। सुकमा के बाद बीजापुर तक पहुंचे मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय होने के लिए कुछ और वक्त लगने की संभावना है। पिछली बार की तरह पूरे प्रदेश में इसके 23 जून के बाद ही असर दिखाने के आसार बन रहे हैं।

- मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश
- दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा, नमी 50 फीसदी




### तापमान में गिरावट के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य के ज्यादातर स्तर पर गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। कहीं-कहीं ही तेज बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में घरघोड़ा में चार, सराईपाली में तीन और बसना में एक सेमी. वर्षा हुई है। वहीं कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनी हुई है। अगले चौबीस घंटे में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## जुलाई अंत तक होंगे महाविद्यालयों में दाखिले

# 48 घंटे बाद शुरू होगी अर्जी, पहली मेरिट लिस्ट 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश संबंधित प्रक्रियाओं के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन 17 जून से प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार भी आवेदन केंद्रीकृत ही होगा, अर्थात सभी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन रविवि के पोर्टल में जाकर ही किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल में आवेदन करने के दौरान छात्रों को पांच विकल्प का चयन करना होगा। अपनी प्राथमिकता के आधार पर छात्र पांच महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। छात्रों द्वारा जिन पांच कॉलेजों का चयन किया गया है, उन महाविद्यालयों को छात्रों के नाम भेजे जाएंगे। महाविद्यालय द्वारा रविवि से प्राप्त छात्रों की सूची के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। छात्रों का चयन पिछली कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इसके बाद छात्रों को निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा। इसी तरह दूसरे और तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, महाविद्यालयों में दाखिले जुलाई अंत होंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार, जुलाई अंत तक प्रवेश के बाद 14 अगस्त तक कुलपति की विशेष अनुमति से प्रवेश दिए जा सकेंगे।



### 31 जुलाई के बाद खोल दी जाएंगी सीटें

*रविवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, 31 जुलाई को रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही रविवि द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि विवि की लिखित अनुमति लिए बगैर कोई भी महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश प्रदान नहीं करेंगे। गौरतलब है कि इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली आधारित स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।*

### ऐसा है शेड्यूल

**प्रथम चरण**
आवेदन प्रारंभ : 17 से 25 जून
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 25 जून
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 26 जून
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 26 जून से 8 जुलाई तक

**द्वितीय चरण**
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 8 जुलाई
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 9 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 9 जुलाई से 18 जुलाई तक

**तृतीय चरण**
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 18 जुलाई
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 19 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 19 जुलाई से 31 जुलाई तक

# ई-वे बिल प्रावधानों का पालन अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएसटी राज्य कर विभाग ने सिविल लाइंस स्थित संभागीय कार्यालय में महात्मा गांधी मीटिंग हॉल में ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उनकी सुविधा के लिए ई-वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि 24 मई 2024 को शासन की उस अधिसूचना को विखंडित कर दिया गया है, जिसमें ई-वे बिलों में छूट दी गई थी। अब राज्य में 50 हजार से अधिक मूल्य के सामान के परिवहन पर ई-वे बिल जारी करना अनिवार्य है। विभाग के कर अधिकारी नरेंद्र गोस्वामी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नए प्रावधानों के संबंध में ट्रांसपोर्टरों से विस्तृत चर्चा किए जाने के बाद उन्होंने इस पर संतोष जताया तथा नए प्रावधानों के अनुसार कार्य करने की सहमति जताई है। अधिकारियों ने भी उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का निदान करने का आश्वासन दिया है।

- ट्रांसपोर्टरों के लिए जीएसटी विभाग की कार्यशाला

खबर संक्षेप

## कमांडेंट ने किया मासिक पत्रिका का विमोचन



**अभनपुर।** 211 वाहिनी रिजर्व पुलिस बल थनौद कैंप परिसर में पलामू झारखंड से प्रकाशित होने वाले साहित्य, कला एवं संस्कृति की मासिक पत्रिका अरण्य वाणी का विमोचन कमान्डेंट संजीव रंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमान्डेंट संजीव रंजन ने कहा कि सीआरपीएफ कैम्पस में पत्रिका का विमोचन करना एक सुखद एहसास है, अरण्य वाणी पत्रिका समाज का आईना है और इस आईने को चमकदार बनाने में संपादक ने पूरा प्रयास किया है। बटालियन कमान्डेंट श्री रंजन द्वारा पत्रिका संपादक विनोद सागर एवं संस्था मौसम सचिव मनोज कुमार प्रजापति का गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विमोचन कार्यक्रम में द्वि.कमान्डेंट अधिकारी आरके बहाली, उप कमांडेंट नीरज जायसवाल, सहा.कमा.श्रीमती सर्वेश तोमर, चिकित्सा अधिकारी डॉ देवनेनी तपस्विनी, निरीक्षक संजीव भोई, निशांत चौधरी, एसएन मिश्रा व रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बृजमोहन की लोस जीत पर आभार रैली आज

**अभनपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल का विजय आभार रैली कार्यक्रम 15 जून को नगर बस स्टैण्ड से बस्ती अभनपुर तक आयोजित किया गया। रैली मे पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू,वरिष्ठ नेता अशोक बजाज,विधायक इन्द्रकुमार साहू विशेष तौर पर उपस्थित रहेगे। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल द्वारा दी गई है।

## 15 अगस्त तक मछली मारने पर रोक

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मस्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। प्रदेश के समस्त नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट (मछली मारने) 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इस नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजा एक साथ होने का प्रावधान है।

निधन

## सुकवारो बाई बंजारे

**सिलयारी।** सांकरा निवासी श्रीमती सुकवारो बाई बंजारे (62) का शुक्रवार निधन हो गया। वे परमानंद बंजारे, नंद कुमार बंजारे, पनेश बंजारे माता थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 9 बजे सांकरा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# नए शिक्षा सत्र के बेहतर संचालन के लिए बीईओ ने बैठक ली, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

### जर्जर भवनों में बच्चों को ना बैठाए



शुक्रवार को सृजन सोनकर हायर सेकेण्डरी स्कूल आरंग के शैक्षिक हाल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी निहाली प्रसाद कुर्रे ने विकासखंड स्तर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक संस्था प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया। उन्होंने सबका उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ होने जा रहा है। अतः बेहतर संकल्पों के साथ शिक्षा गुणवत्ता के लिए हमें शासन के निर्देशों के अनुरूप अपडेट रहने की जरूरत है। उन्होंने अपना ध्यान मध्यान भोजन योजना एवं स्वच्छता तथा विद्यालय में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर केंद्रित किया तथा कहा कि शाला प्रवेश उत्सव में पालको सहित जनप्रतिनिधियों को अवश्य बुलाए साथ ही स्कूल रिकॉर्ड अपडेट रखना, नवप्रवेशी बच्चों के सर्वे, आंगनबाड़ी केन्द्रो के बच्चों की सूची तथा विद्यालय में भवन कक्ष की वर्तमान स्थिति की सूचना देने हुए निर्देशित किया की जर्जर भवनों में किसी भी स्थिति में बच्चों को ना बैठाया जाए। पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तक, गणवेश वितरण, पुस्तकालय प्रबंधन तथा स्कूल के टॉयलेट बाथरूम की स्वच्छता, रंग–रोगन, प्रिंट रिच वातावरण, शुद्ध पेयजल एवं मीनू के अनुसार पौष्टिक मध्यान भोजन, न्योता भोजन आदि पर जोर देते हुए कहा कि एससीईआरटी के माध्यम से एफएलएन की ट्रेनिंग दी जा रही है जो शिक्षा गुणवत्ता के लिए बहुत प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों से अपेक्षा की कि आगामी सत्र में बेहतर कार्य योजना बनाकर बेहतर परिणाम की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर उपस्थित विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा ने की कहा कि शिक्षा के प्रति छत्तीसगढ़ शासन गंभीर है और हम अपनी नवाचारी गतिविधियों से प्रयास करें कि हमारे बच्चे होनहार एवं स्मार्ट बने तथा सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि विद्यालय का वातावरण इस प्रकार हो की विद्यार्थी प्रसन्नता के साथ स्कूल आए। साथ इस बैठक में व्याख्याता तारकेश्वर साहू संकुल समन्वयकगण हरीश दीवान, दीपक दुबे, परमेश्वर चतुर्वेदानी, राजू आडिले, हरिलाल साहू, अरविंद वैष्णव, लक्की डहरिया आदि की भी उपस्थिति रही।

### मुख्यमंत्री साय ने स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा की

# सीएम साय ने कहा-सुपेबेड़ा पर सरकार गंभीर किडनी के मरीजों की समस्या जानने हो रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा के लोगों को किडनी की बीमारी होने के मामले में चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुपोबेड़ा की समस्या के स्थाई निदान पर भी काम करने की जरूरत है। इसके लिए बीमारियों के कारण जानने संबंधी जो भी रिसर्च किया जा सकता है, वह किया जाए। इसके साथ ही मरीजों के पर्याप्त इलाज की सुविधा भी हो, ताकि सुपेबेड़ा के लोगों को भविष्य में किडनी संबंधी समस्याओं से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। साथ ही पंखाजूर जैसे क्षेत्रों में जहां अधिक मरीज आ रहे हैं, वहां डायलिसिस सेंटर की स्थापना की जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य विभाग की 4 घंटे से अधिक समय तक चली इस समीक्षा बैठक में विभाग की आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं उनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश भी दिए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी अधोसंरचना एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली।



### छह माह में स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 6 महीने में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। पिछली सरकार में जो काम अधूरे रह गए थे उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी मानसून को देखते हुए मौसमी बीमारियों की आशंका से निपटने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए। एंटी वेनम आदि की उपलब्धता भी रखने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे में युक्तियुक्तकरण की जरूरत है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य अमले की पदस्थापना की जाए। विशेषज्ञ डाक्टरों की पूर्ति के संबंध में मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पदस्थापना के समय विशेष रूप से यह ध्यान दिया जाए कि कहीं पर गाइनिकोलॉजिस्ट की पदस्थापना की जाती है तो वहां पर एनेस्थीसिया के चिकित्सक भी हो ताकि वहां पर जरूरत पड़ने पर आसानी से सीजेरियन डिलीवरी हो सके।

### स्वास्थ्य मंत्री ने रखी ये मांग

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि छत्तीसगढ़ लिंगानुपात में बेहतर स्थिति में है। हमें इसे और अच्छा करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करने की जरूरत है। चिरायु योजना शासन की बहुत अच्छी योजना है इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि शहरी क्षेत्रों के मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं धन्वंतरी जैसी योजनाओं को स्वास्थ्य विभाग में शामिल कर दिया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक जगदीश सोनकर, खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक कुलदीप शर्मा, सीजीएमएससी की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू, आयुष की प्रबंध संचालक इफ्फत आरा, चिकित्सा शिक्षा के संचालक डॉक्टर यूएस पैकरा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### हर संभाग में हो ये व्यवस्था

*मुख्यमंत्री ने कहा कि संभाग मुख्यालय में कम से कम 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेंस की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थागत प्रसव को शत प्रतिशत करना सबसे अहम कार्य है। इसके लिए नियमित अंतराल पर एएनसी जांच हो। शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए अस्पताल में न्यू बार्न केयर यूनिटों को बढ़ाया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अधिकतम संख्या में लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। योजना के क्रियान्वयन की खामियां दूर करें। नियद नेल्लानार योजना के सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं। इसके लिए आधार कार्ड बनाने इन क्षेत्रों में नियमित कैंप लगाएं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत 6 महीने में 1373 हितग्राहियों ने एक करोड़ 38 लाख रुपए के क्लेम किए हैं।*

### जन औषधि केंद्रों पर हो फोकस

*मुख्यमंत्री ने जन औषधि केंद्रों पर भी विशेष फोकस करने कहा। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र ऐसी जगह पर स्थापित किए जाएं जहां अधिकाधिक संख्या में लोग दवा ले सकें। मुख्यमंत्री ने टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के अभियान में काफी सफलता मिली है लेकिन बस्तर को मलेरिया मुक्त करने इसे और बेहतर करने की जरूरत है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल के संबंध में राष्ट्रीय स्तर के रिसर्च सेंटर का प्रस्ताव केंद्र को भेजें। सिकल सेल के मरीजों की नियमित रूप से काउंसलिंग हो और इनका बेहतर उपचार होता रहे।*

### हर ब्लॉक में हो डायलिसिस की सुविधा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अस्पतालों में जहां उपकरण तो है लेकिन आपरेटर नहीं है वहां ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए। कीमोथेरेपी की सुविधा का विस्तार करें। डायलिसिस की सुविधा का लाभ ब्लॉक मुख्यालयों में भी आरंभ करें। मुख्यमंत्री ने मानसिक मरीजों के लिए भी नए अस्पताल आरंभ करने कहा।*

# रक्तदान की प्रेरणा देने चलाया गया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा मे 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को रक्तदान करने की अपील की गई। अस्पताल के कर्मचारियो द्वारा बैनर,पोस्टर के माध्यम से रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे मे बताया गया।

इस दौरान आरएमए डीएस नेताम ने रक्तदाताओ को समाज एवं मानवता के अनमोल सेवक की परिभाषा देते बताया कि 14 जून को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित पूरी दुनिया रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाती है रक्त देने में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि 24 घंटे से 72 घंटे के अंदर रक्त पुनः बन जाता है, रक्तदान करने से बहुत से फायदा होते है जैसे हार्ट अटैक की संभावना कम,मोटापा से बचाव, रोग प्रतिरोधक का बढन्ना है। इस दौरान जनपद सदस्य अनुसुईया साहू, श्रीराम यादव,ललिता देवांगन उपस्थित रहे।

# विधायक की चौपाल में पुन्नी बाई को बिजली मिली और हुआ 25 प्रकरणों का निराकरण

**धरसींवा।** धरसींवा और खरोरा कार्यालय में वे सप्ताह में दो दिन जनदर्शन का आयोजन किया और लोगों की समस्याएं सुनी तथा उसके निराकरण के लिए तत्काल पहल की और अधिकारियों को निर्देश दिए। शुक्रवार को विधायक श्री शर्मा ने जनपद पंचायत प्रांगण में चौपाल लगाई जिसमें विभिन्न ग्रामों से लोग अपनी अपनी मांगों व समस्याओं से अवगत कराया। चौपाल ज्यादातर समस्याओं को मौके पर निराकरण किया गया और अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जनदर्शन में नगर पंचायत कुरा से पहुँचे 75 वर्षीय पुन्नी बाई बंजारे जो कि निराश्रित जीवन यापन करते है व उसके घर मे बिजली नही होने के कारण अंधेरे में ही जीवन बसर करते थे विडंबना यह थी कि विद्युत विभाग से मिलने वाली एकल बत्ती कनेक्शन भी नसीब नही था। पुन्नी बाई जब



विधायक जन दर्शन में पहुची तो विधायक अनुज शर्मा ने त्वरित निराकरण करते हुए लाभार्थी के घर तक शासन से चार विद्युत पोल की त्वरित स्वीकृति प्रदान किये और उवास्तिथ जूनियर इंजीनियर धरसींवा के उपेंद्र वैष्णव ने दो हजार रुपये की विद्युत पोल के लिए नगद प्रदान किये और दूसरे दिन ही एकल बत्ती कनेक्शन की स्वीकृति मिल गई। इसके साथ ही राजस्व के 07 ,स्कूल में 04,बिजली 04,जनपद पंचायत से 03 आवास योजना,अस्पताल से 05 और सिचाई के एक मामले आये जिसमे लगभग सभी मामलों का त्वरित निपटारा किया गया।

# बृजमोहन की विजय आभार रैली में कई स्थानों पर स्वागत, जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा से रिकॉर्ड मतों से जीतने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में विजय आभार रैली निकाली। मां बंजारी की पूजा अर्चना के बाद रैली प्रारंभ हुई। रैली शहर का भ्रमण करते हुए रात को जयस्तंभ चौक पहुंची। यहां पर सभा हुई। इसमें बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी जीत के लिए रायपुर लोकसभा के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, पहले मैं महज रायपुर दक्षिण से जीतता था, लेकिन इस बार लोकसभा की जनता से मुझे सांसद बनाने का काम किया है। मैं हमेशा लोकसभा की जनता के साथ प्रदेश की जनता के लिए काम करता रहूंगा। रैली की शुरुआत उरला क्षेत्र में स्थित बंजारी माता मंदिर में मां बंजारी का आशीर्वाद प्राप्त कर की गई। रैली में विजय रथ पर बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर



उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोती लाल साहू सहित कईर भाजपा नेता सवार थे। विजय रथ रावांभाठा बिरगांव, भनपुरी, खमतराई, गुढ़ियारी, फाफाडीह चौक, रेलवे स्टेशन, स्टेशन गुरुद्वारा, तेलघानी नाका, नेमीचंद गली, गंजमंडी, राठौर चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, आमापारा चौक, लाखे नगर चौक, लिली चौक, पुरानी बस्ती थाना, कंकाली तालाब, सत्ती बाजार, कोतवाली, छोटा पारा, आकाशवाणी चौक, केनाल रोड, लोधीपारा चौक, मंडी गेट, पंडरी कपड़ा मार्केट चौक, एक्सप्रेस वे ब्रिज, श्याम प्लाजा, कचहरी चौक, शास्त्री चौक होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचा। यहां पर सभा की गई। रैली का शहर के के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।

# सड़क हादसे में घायलों में एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

विगत रात्रि ग्राम किरना टंडवा के बिच बजरंग पावर प्लांट के पास मुख्य मार्ग पर एक चार पहिया वाहन में टकराने से ग्राम किरना निवासी दोपहिया वाहन सवार संतोष वर्मा पिता मुनीराम वर्मा उम्र 27 वर्ष, डोमार निषाद पिता स्व पुनीत राम निषाद गंभीर रुप से घायल हो गए साथ ही किरना निवासी जितेंद्र पाल पिता स्व कलीराम पाल भी घायल




हो गया।

घायलों को चार पहिया वाहन चालक व ग्रामीणों की मदद से तिल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां संतोष वर्मा व डोमार निषाद को रायपुर रिफर कर दिया गया। साथ ही जितेंद्र पाल को पैर में चोट आई है जिसका तिल्दा के एक निजी अस्पताल में उपचार करवा जा रहा है। वही घटना में घायल संतोष वर्मा की आज मृत्यु हो गई। वही घायल डोमार निषाद को हाथ पैर व नाक में गंभीर चोटें आई है। नेवरा पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है। नेवरा पुलिस मामले की जांच करेगी। चार पहिया वाहन ग्राम कुंदरु निवासी की बताई गई है।

# डीए में विसंगतियों से कर्मचारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कर्मचारी वर्ग न केवल राज्य वरन राष्ट्र के विकास की धुरी है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में इनकी महती भूमिका है। वर्तमान में राज्य कर्मचारी डी.ए. के मामले में केंद्रिय कर्मचारियों से चार फीसदी पीछे चल रहे है, जबकि राज्य कर्मचारीयों को केन्द्र के समान डी.ए. का अधिकार है। कुछ वाजिब हक नहीं मिलने से कर्मचारी वर्ग में नाराजगी है। अतः सरकार इन मांगों को पूर्ण कर नाराजगी दूर करे। एक प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक कल्याण संघ आरंग प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान ने बताया कि राज्य के प्रशासनिक अधिकारीरियो के लिए 1 जनवरी 2024 से डी.ए. में 4 प्रतिशत वृद्धि का आदेश जारी हुआ किन्तु राज्य कर्चारियो को यह लाभ नहीं मिलेगा इस आदेश को लेकर उक्त कर्मियों ने नाराजगी जाहिर की है। श्री दीवान ने कहा कि डी ए को लेकर दोहरा मापदंड समझ से परे है। उन्होंने वेतन विसंगति पदोन्नति क्रमोन्नति जैसी अन्य मांगो को शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया है ताकि उन्हे सड़क पर उतरना न पड़े। संघ ने उक्त आदेश मे संशोधन कर राज्य कर्मचारियों को भी 4 प्रतिशत डी.ए. प्रदान करने का आग्रह किया है।

### अब तक 20 से अधिक उद्योग संगठनों से मिले सुझाव

उद्योग मंत्री ने नीति के लिए मंगाए सुझाव

# छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की तैयारी, पहला ड्राफ्ट अगले महीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपनी नई औद्योगिक नीति (2024-29) बनाने की तैयारी में जुट गई है। इस काम के लिए अब तक प्रदेश के 20 से अधिक औद्योगिक संगठनों के सुझाव लिए जा चुके हैं।

प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग विभाग को नीति का पहला ड्राफ्ट 31 जुलाई तक पेश करने कहा है। इसके साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिसा, मध्यप्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के उद्योग नीति पर स्टडी भी विभाग द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में निवेश प्रोत्साहन बढ़ाने की दिशा में जोर दिया जा रहा है।



### इन सेक्टरों पर रहेगा जोर

उद्योग मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं की नई औद्योगिक नीति में हर सेक्टर पर फोकस होना चाहिए। नए सेक्टर जैसे फार्मास्युटिकल, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टरों के उद्योग ज्यादा से ज्यादा लगें, ताकि रोजगार भी अधिक लोगों को मिले और प्रदेश में निवेश भी बढ़े। इन सेक्टरों के उद्योग लगने से प्रदूषण के बढ़ने की संभावना भी कम रहेगी। उद्योग मंत्री ने नीति बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए हैं। नई नीति के लिए उद्योग मंत्री स्वयं अन्य राज्यों का दौरा कर वहां के उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सुझाव लेंगे। ताकि उन राज्यों के उद्योग नीति के अच्छे और प्रोत्साहन परक अनुदान मांगों पर अध्ययन परीक्षण किया जा सके। हाल ही में मंत्री श्री देवांगन ने नई दिल्ली में आईसीसी के प्रतिनिधियों से नई नीति हेतु विचार विमर्श किया था। बताया गया है कि नई औद्योगिक नीति के लिए सभी विभागों और मंत्री गणों से विमर्श के पश्चात ही आगे 5 वर्षों के लिए नीति बनाई जाएगी। ताकि नीति में सभी विभागों का समावेश हो और हर सेक्टर में उद्योग लग सके।

# आज आएंगे नितिन नवीन, कल दिनभर चलेगा बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के चुनाव प्रभारी और प्रदेश सहप्रभारी, बिहार के मंत्री नितिन नवीन दो दिनों के दौरे पर शनिवार रात रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन रविवार को सुबह से लेकर रात तक बैठकों का दौर चलेगा। इसमें पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सारे मंत्री और विधायक शामिल होंगे। अंत में सभी सांसदों की बैठक होगी। बैठक में एक तो लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा होगी, साथ ही आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। लोकसभा चुनाव में



भाजपा को इस बार भी 11 में से 10 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा का सभी 11 सीटें जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका है। लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार समीक्षा हो रही है। एक दिन पहले ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों से वन-टू-वन करके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरा फीडबैक लिया है। अब चुनाव के बाद पहली बार प्रदेश के चुनाव प्रभारी नितिन नवीन आ रहे हैं।

### कोर कमेटी, सांसद, विधायकों की बैठक

श्री नवीन शनिवार की रात को 8 बजे यहां पहुंचेंगे। यहां आने के बाद वे रात्रि विश्राम कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में करेंगे। इसके बाद अगले दिन रविवार को सुबह से बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद प्रदेश की साय सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक होगी। इसमें प्रदेश सरकार के छह माह के कामों को लेकर चर्चा होगी। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में जिन मंत्रियों और विधायकों को लोकसभाओं का जिम्मा दिया गया था, उन लोकसभाओं में क्या स्थिति रही, इसे लेकर समीक्षा होगी। अंत में सभी सांसदों से चर्चा होगी। बैठकों में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा सहित प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

**आम सूचना**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**
**जारी दिनांक 01.06.2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामकृष्ण वर्मा पिता/पति रामरतन वर्मा निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 86/3, 86/4, 86/7, 86/8, 86/10 रकबा 0.061, 0.061, 0.372, 0.201 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 19/03/2024 के परिपालन में दिनांक 18/06/2024 को समय 03 बजे पश्चात मेरे/गठित दल द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ती पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे तोखन साहू होगा भव्य स्वागत

**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार बिलासपुर के सांसद तोखन साहू का छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। दिल्ली से श्री साहू शनिवार को दोपहर दो बजे रायपुर पहुंचेंगे। विमान तल पर प्रदेश भाजपा संगठन ने उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की है। विमानतल से स्वागत करते हुए श्री साहू को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर लाया जाएगा। ठाकरे परिसर में भी उनका स्वागत का कार्यक्रम है।



### लखमा बोले- बृजमोहन अब बिल्ली बनकर रह गए

**रायपुर।** पूर्व मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा ने कहा कि बृजमोहन खुद को छत्तीसगढ़ का डॉन समझते थे, लेकिन अब बिल्ली बनकर रह गए हैं।



बलौदाबाजार जाने के लिए राजीव भवन पहुंचे श्री लखमा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल को लेकर कहा, विष्णुदेव सरकार उनको कहीं का नहीं छोड़ने वाली है, वो ना विधायक बन पाएंगे और ना ही सांसद। उन्होंने कहा, बृजमोहन अग्रवाल अब ना तो घर के रहे ना ही घाट के। हम शुरू से देख रहे हैं छत्तीसगढ़ में सबसे पहला नाम बृजमोहन अग्रवाल का ही चर्चित रहा है। भाजपा के घर में लड़ाई चल रही है। जो दिल्ली से आदेश हो रहा है, वही काम किया जा रहा है।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर रोक

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मस्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। प्रदेश के समस्त नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट (मछली मारने) 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इस नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजा एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा।

### छत्तीसगढ़ में होगी जियो-रेफ्रेंसिंग से ई-गिरदावरी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। राज्य में अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इस सर्वे को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि का जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर जियो-रेफ्रेंसिंग से भूमि विवादों में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर फसलों की ई-गिरदावरी का कार्य आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में सुशासन के लिए पारदर्शी और बेहतर प्रशासन के लिए शासकीय कामकाज में अधिक से अधिक आईटी का उपयोग करने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

**भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी कार्रवाई :** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# भूजल समस्याग्रस्त गांवों के लिए अब मल्टी विलेज योजना, 10 लाख परिवारों को मिलेगा मीठा जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ऐसे गांव जहां भूजल स्तर काफी कम हो गया है और लोगों को पीने का पानी मिलना मुश्किल हो रहा है, प्रदेश के ऐसे गांवों के लिए साढ़े चार हजार करोड़ रुपए से अधिक की मल्टी विलेज योजना पर काम किया जा रहा है। यह काम जलजीवन मिशन के माध्यम से कराया जा रहा है।

इससे करीब 10 लाख लोगों को पीने के लिए मीठा जल मिलेगा। इन गांवों में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की वजह से लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। बताया गया है कि 4527 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 18 जिलों में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रारंभ हो गया है। इन योजनाओं के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।

इन गांवों के दस लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने सभी मल्टी-विलेज योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, जिससे लोगों तक यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुंच सके।

## 71 मल्टी विलेज योजनाओं को मंजूरी

राज्य के अनेक जिलों में नलकूपों के गिरते हुए जल स्तर के कारण गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या आती है। ऐसे गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल-विलेज योजनाओं के लिए सफल पेयजल स्त्रोतों की कमी को देखते हुए सतही स्त्रोत पर आधारित मल्टी-विलेज योजनाएं बनाई गई हैं। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से प्रदेश में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी योजनाओं के अवयवों की ड्राइंग एवं डिजाइन की जांच राष्ट्रीय स्तर पर सुविख्यात आईआईटी एवं एनआईटी के माध्यम से कराई जा रही हैं।



## 18 जिलों के 3234 गांवों को मिलेगा साफ पेयजल

जल जीवन मिशन के अंतर्गत मल्टी-विलेज योजनाओं के माध्यम से 18 जिलों के 3234 गांवों में जलापूर्ति की जाएगी। इनमें रायगढ़ जिले के 396, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 16, कोरबा के 245, जांजगीर-चांपा के 32, राजनांदगांव के 393, महासमुंद के 48, कबीरधाम के 31, गरियाबंद के नौ, बिलासपुर के 93, सूरजपुर के 413, मुंगेली के 240, दुर्ग के 201, बलौदाबाजार-भाटापारा के 192, बेमेतरा के 219, कोरिया के 292, बालोद के 148, सरगुजा के 190 और धमतरी जिले के 76 गांव शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा की

# सीएम साय ने कहा-सुपेबेड़ा पर सरकार गंभीर किडनी के मरीजों की समस्या जानने हो रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा के लोगों को किडनी की बीमारी होने के मामले में चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुपोबेड़ा की समस्या के स्थाई निदान पर भी काम करने की जरूरत है। इसके लिए बीमारियों के कारण जानने संबंधी जो भी रिसर्च किया जा सकता है, वह किया जाए। इसके साथ ही मरीजों के पर्याप्त इलाज की सुविधा भी हो, ताकि सुपेबेड़ा के लोगों को भविष्य में किडनी संबंधी समस्याओं से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। साथ ही पंखाजूर जैसे क्षेत्रों में जहां अधिक मरीज आ रहे हैं, वहां डायलिसिस सेंटर की स्थापना की जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य विभाग की 4 घंटे से अधिक समय तक चली इस समीक्षा बैठक में विभाग की आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं उनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश भी दिए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी अधोसंरचना एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली।



### छह माह में स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 6 महीने में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। पिछली सरकार में जो काम अधूरे रह गए थे उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी मानसून को देखते हुए मौसमी बीमारियों की आशंका से निपटने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए। एंटी वेनम आदि की उपलब्धता भी रखने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे में युक्तियुक्तकरण की जरूरत है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य अमले की पदस्थापना की जाए। विशेषज्ञ डाक्टरों की पूर्ति के संबंध में मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पदस्थापना के समय विशेष रूप से यह ध्यान दिया जाए कि कहीं पर गाइनिकोलॉजिस्ट की पदस्थापना की जाती है तो वहां पर एनेस्थीसिया के चिकित्सक भी हो ताकि वहां पर जरूरत पड़ने पर आसानी से सीजेरियन डिलीवरी हो सके।

### स्वास्थ्य मंत्री ने रखी ये मांग

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि छत्तीसगढ़ लिंगानुपात में बेहतर स्थिति में है। हमें इसे और अच्छा करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करने की जरूरत है। चिरायु योजना शासन की बहुत अच्छी योजना है इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि शहरी क्षेत्रों के मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं धन्वंतरी जैसी योजनाओं को स्वास्थ्य विभाग में शामिल कर दिया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक जगदीश सोनकर, खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक कुलदीप शर्मा, सीजीएमएससी की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू, आयुष की प्रबंध संचालक इफ्फत आरा, चिकित्सा शिक्षा के संचालक डॉक्टर यूएस पैकरा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### हर संभाग में हो ये व्यवस्था

*मुख्यमंत्री ने कहा कि संभाग मुख्यालय में कम से कम 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेंस की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थागत प्रसव को शत प्रतिशत करना सबसे अहम कार्य है। इसके लिए नियमित अंतराल पर एएनसी जांच हो। शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए अस्पताल में न्यू बार्न केयर यूनिटों को बढ़ाया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अधिकतम संख्या में लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। योजना के क्रियान्वयन की खामियां दूर करें। नियद नेल्लानार योजना के सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं। इसके लिए आधार कार्ड बनाने इन क्षेत्रों में नियमित कैंप लगाएं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत 6 महीने में 1373 हितग्राहियों ने एक करोड़ 38 लाख रुपए के क्लेम किए हैं।*

### जन औषधि केंद्रों पर हो फोकस

*मुख्यमंत्री ने जन औषधि केंद्रों पर भी विशेष फोकस करने कहा। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र ऐसी जगह पर स्थापित किए जाएं जहां अधिकाधिक संख्या में लोग दवा ले सकें। मुख्यमंत्री ने टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के अभियान में काफी सफलता मिली है लेकिन बस्तर को मलेरिया मुक्त करने इसे और बेहतर करने की जरूरत है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल के संबंध में राष्ट्रीय स्तर के रिसर्च सेंटर का प्रस्ताव केंद्र को भेजें। सिकल सेल के मरीजों की नियमित रूप से काउंसलिंग हो और इनका बेहतर उपचार होता रहे।*

### हर ब्लॉक में हो डायलिसिस की सुविधा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अस्पतालों में जहां उपकरण तो है लेकिन आपरेटर नहीं है वहां ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए। कीमोथेरेपी की सुविधा का विस्तार करें। डायलिसिस की सुविधा का लाभ ब्लॉक मुख्यालयों में भी आरंभ करें। मुख्यमंत्री ने मानसिक मरीजों के लिए भी नए अस्पताल आरंभ करने कहा।*

# प्रमोशन में आरक्षण सरकार ने पुराने आदेश किए निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रमोशन में आरक्षण संबंधी मामले में हाईकोर्ट बिलासपुर का आदेश आने के बाद राज्य सरकार ने इससे संबंधित पुराने आदेश को निरस्त कर दिया है। इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने नया निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में पिछले दिसंबर 2019 और फरवरी 2020 में जो परिपत्र जारी किया था, उसे निरस्त किया गया है। राज्य सरकार द्वारा 22 अक्टूबर, 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसके अंतर्गत पहली से चौथी श्रेणी वाले कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने की बात कही गई थी। इसमें अनुसूचित जाति को 13 परसेंट, जबकि अनुसूचित जन जाति के लिए 32 परसेंट आरक्षण की व्यवस्था की गई है। नोटिफिकेशन में यह साफ किया गया था कि यह आरक्षण पहली कैटेगरी के पदों से प्रथम श्रेणी के हायर पे स्केल के पदों पर प्रमोट होने, सेकेंड कैटेगरी के पदों से पहली कैटेगरी के पदों पर प्रमोशन और तीसरी कैटेगरी के पदों पर प्रमोशन होने पर दिया जाएगा।

# वार्डों के परिसीमन में हर निकाय के वार्डों की जनसंख्या एक जैसी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए वार्डों के परिसीमन के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए जारी निर्देश में साफ किया है, वार्डों की रचना इस प्रकार होगी कि हर वार्ड की जनसंख्या पूरे नगरीय क्षेत्र की जनसंख्या एक जैसी होगी।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को भेजे निर्देश में कहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के बाद नगरीय निकायों की जनसंख्या में गैर अनुपातिक वृद्धि हुई है। इसके हिसाब से वार्ड मतदाता संख्या में भी गैर अनुपातिक वृद्धि के कारण वार्डवार मतदाता संख्या में अनुपातिक अंतर आने की संभावना है।

### परिसीमन के लिए होगा प्रशिक्षण

राज्य सरकार ने परिसीमन के काम के लिए प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण देने की तैयारी में है। यह काम जुलाई महीने तक किया जाएगा। लेकिन इससे पहले जिन नगरीय निकायों में वार्डों की जनसंख्या छत्तीसगढ़ नगरपालिका वार्डों के विस्तार




नियम के तहत काम किया जाएगा। वार्डों की जनसंख्या को एक समान रखने की तैयारी है। जिन वार्डों में जनसंख्या एक जैसी नहीं है वहां नगरीय क्षेत्र की सीमाएं विघटित हो गई हैं। या नवगठित नगरीय निकाय( नगर पालिका, नगर पंचायत) के लिए वार्डों की संख्या में बदलाव हुआ हो या नगर पालिक निगम की सीमा से क्षेत्रों को अलग किए जाने के कारण बदलाव हुआ है। वहां परिसीमन अनिवार्य होगा।

### नए सिरे से होगा परिसीमन

नगरीय प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों से ये भी कहा है कि नगरीय क्षेत्र के वर्ष 2011 की जनगणना तथा पिछले आम चुनाव में उपलब्ध मतदाता संख्या के के आंकड़ों के आधार पर वार्ड की भौगोलिक स्थिति एवं प्रत्येक वार्ड की औसत अनुमानित जनसंख्या को देखते हुए नए सिरे से नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन किया जाए।

**परिसीमन पर आपत्ति एवं सुझाव लिए जाएंगे**


बताया गया है कि वार्डों का परिसीमन होने के बाद सीमा निर्धारण होने के बाद कलेक्टर कार्यालय एवं निगम, पालिक, नगर पंचायत कार्यालय में प्रारंभिक सूचना का प्रकाशन किया जाएगा। इसके आधार पर आपत्तियां एवं सुझाव लिए जाएंगे। क्षेत्र के नागरिक सात दिनों के अंदर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत किए जा सकेंगे। ये आपत्तियां एवं सुझाव कलेक्टर को भेजे जाएंगे। कलेक्टर अपने सुझाव व अभिमत के साथ इसे राज्य सरकार को भेजेंगे।

# बृजमोहन की विजय आभार रैली में कई स्थानों पर स्वागत, जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा से रिकॉर्ड मतों से जीतने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में विजय आभार रैली निकाली। मां बंजारी की पूजा अर्चना के बाद रैली प्रारंभ हुई। रैली शहर का भ्रमण करते हुए रात को जयस्तंभ चौक पहुंची। यहां पर सभा हुई। इसमें बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी जीत के लिए रायपुर लोकसभा के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, पहले मैं महज रायपुर दक्षिण से जीतता था, लेकिन इस बार लोकसभा की जनता से मुझे सांसद बनाने का काम किया है। मैं हमेशा लोकसभा की जनता के साथ प्रदेश की जनता के लिए काम करता रहूंगा।

रैली की शुरुआत उरला क्षेत्र में स्थित बंजारी माता मंदिर में मां बंजारी का आशीर्वाद प्राप्त कर की गई। रैली में विजय रथ पर बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोती लाल साहू सहित कईर भाजपा नेता सवार थे। विजय रथ रावांभाठा बिरगांव, भनपुरी, खमतराई, गुढ़ियारी, फाफाडीह चौक, रेलवे स्टेशन, स्टेशन गुरुद्वारा, तेलघानी नाका, नेमीचंद गली, गंजमंडी, राठौर चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक, आमापारा चौक, लाखे नगर चौक, लिली चौक, पुरानी बस्ती थाना, कंकाली तालाब, सत्ती बाजार, कोतवाली, छोटा पारा, आकाशवाणी चौक, केनाल रोड, लोधीपारा चौक, मंडी गेट, पंडरी कपड़ा मार्केट चौक, एक्सप्रेस वे ब्रिज, श्याम प्लाजा, कचहरी चौक, शास्त्री चौक होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचा। यहां पर सभा की गई। रैली का शहर के के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।



### लड्डुओं से तौला

इस दौरान शहर के विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह पर श्री अग्रवाल का फूल मालाओं और पटाखों से स्वागत अभिनंदन किया। रामसागर पारा सहित कई स्थानों पर उन्हें लड्डुओं से तौला गया। जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि रायपुर सहित छत्तीसगढ़ की संपूर्ण जनता का प्यार और आशीर्वाद पिछले 35 वर्षों से मुझ पर बना हुआ है। रायपुर शहर की जनता ने मुझे आठ बार विधानसभा तो रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने लोकसभा मुझे भेजा है। इस बार मुझे जीत भी ऐसी दिलाई कि पूरे भारत में रायपुर का डंका बज गया है। उन्होंने कहा कि यह बृजमोहन अग्रवाल हर बार की तरह आपके विश्वास पर खरा उतरेगा और परिस्थितियों चाहे जैसी भी हो 24 घंटे सातों दिन आपकी सेवा में तत्पर रहेगा।

## अब तक 20 से अधिक उद्योग संगठनों से मिले सुझाव

**उद्योग मंत्री ने नीति के लिए मंगाए सुझाव**

# छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की तैयारी, पहला ड्राफ्ट अगले महीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अपनी नई औद्योगिक नीति (2024-29) बनाने की तैयारी में जुट गई है। इस काम के लिए अब तक प्रदेश के 20 से अधिक औद्योगिक संगठनों के सुझाव लिए जा चुके हैं।

प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग विभाग को नीति का पहला ड्राफ्ट 31 जुलाई तक पेश करने कहा है। इसके साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिसा, मध्यप्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के उद्योग नीति पर स्टडी भी विभाग द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में निवेश प्रोत्साहन बढ़ाने की दिशा में जोर दिया जा रहा है।



### इन सेक्टरों पर रहेगा जोर

उद्योग मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं की नई औद्योगिक नीति में हर सेक्टर पर फोकस होना चाहिए। नए सेक्टर जैसे फार्मास्युटिकल, एग्रीकल्चर, टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टरों के उद्योग ज्यादा से ज्यादा लगें, ताकि रोजगार भी अधिक लोगों को मिले और प्रदेश में निवेश भी बढ़े। इन सेक्टरों के उद्योग लगने से प्रदूषण के बढ़ने की संभावना भी कम रहेगी। उद्योग मंत्री ने नीति बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए हैं। नई नीति के लिए उद्योग मंत्री स्वयं अन्य राज्यों का दौरा कर वहां के उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सुझाव लेंगे। ताकि उन राज्यों के उद्योग नीति के अच्छे और प्रोत्साहन परक अनुदान मांगों पर अध्ययन परीक्षण किया जा सके। हाल ही में मंत्री श्री देवांगन ने नई दिल्ली में आईसीसी के प्रतिनिधियों से नई नीति हेतु विचार विमर्श किया था। बताया गया है कि नई औद्योगिक नीति के लिए सभी विभागों और मंत्री गणों से विमर्श के पश्चात ही आगे 5 वर्षों के लिए नीति बनाई जाएगी। ताकि नीति में सभी विभागों का समावेश हो और हर सेक्टर में उद्योग लग सके।

# आज आएंगे नितिन नवीन, कल दिनभर चलेगा बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के चुनाव प्रभारी और प्रदेश सहप्रभारी, बिहार के मंत्री नितिन नवीन दो दिनों के दौरे पर शनिवार रात रायपुर पहुंचेंगे। अगले दिन रविवार को सुबह से लेकर रात तक बैठकों का दौर चलेगा। इसमें पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सारे मंत्री और विधायक शामिल होंगे। अंत में सभी सांसदों की बैठक होगी। बैठक में एक तो लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा होगी, साथ ही आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस बार भी 11 में से 10 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा का सभी 11 सीटें जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका है। लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार समीक्षा हो रही है। एक दिन पहले ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों से वन-टू-वन करके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरा फीडबैक लिया है। अब चुनाव के बाद पहली बार प्रदेश के चुनाव प्रभारी नितिन नवीन आ रहे हैं।



### कोर कमेटी, सांसद, विधायकों की बैठक

श्री नवीन शनिवार की रात को 8 बजे यहां पहुंचेंगे। यहां आने के बाद वे रात्रि विश्राम कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में करेंगे। इसके बाद अगले दिन रविवार को सुबह से बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद प्रदेश की साय सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक होगी। इसमें प्रदेश सरकार के छह माह के कामों को लेकर चर्चा होगी। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में जिन मंत्रियों और विधायकों को लोकसभाओं का जिम्मा दिया गया था, उन लोकसभाओं में क्या स्थिति रही, इसे लेकर समीक्षा होगी। अंत में सभी सांसदों से चर्चा होगी। बैठकों में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा सहित प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### अरविंद बने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष



रायपुर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को लोधी रोड दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, चेयरमैन शशिकांत शर्मा, वाइस चेयरमैन सुखबीर शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। चेयरमैन श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा को स्मृति चिन्ह एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### मूर्तिकार अशोक को सुरुज बाई खांडे सम्मान



रायपुर। अंचल के मूर्तिकार अशोक देवांगन को इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरूज बाई खांडे सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पद्मश्री उषा बारले एवं पद्मश्री अजय मंडावी ने प्रदान किया। श्री देवांगन लोहे के कबाड़ से बड़ी से बड़ी कलाकृतियां बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं। इस उपलब्धि पर कला जगत के विभिन्न कलाकारों डीएस विद्यार्थी, अंकुश देवांगन, मोहन बराल, मनीष ताम्रकार आदि ने हर्ष जताया है।

### योग प्रशिक्षण शिविर में बताया ऊँ का महत्व

रायपुर। महर्षि दधीचि ने प्रणव साधना को व्यवस्थित रूप दिया, उन्होंने ही पहली बार प्रणव को ऊँ के रूप में यजुर्वेद के 40वें अध्याय में प्रयुक्त किया। प्रणव की ध्वनि हमें ब्रह्मांडीय तरंगों के साथ कनेक्ट करती है। उपरोक्त बातें योग प्रशिक्षण शिविर नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में योग प्रशिक्षक ने कही।

# आरपीएफ के अभियान से ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग हुई कम, 5 महीने में केवल 134 मामलों में गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग को लेकर आरपीएफ अब सख्त रुख अपना रही है। रेल सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। यही वजह है कि अब रायपुर रेलवे स्टेशन पर बीते 5 महीने में बेवजह चेन पुलिंग के मामलों में कमी देखने को मिली है। जनवरी से अभी तक केवल 134 मामले में आरपीएफ ने यात्रियों की गिरफ्तारी की है। रेल सुरक्षा बल का कहना है कि तत्काल कार्रवाई और लगातार अभियान चलाने के कारण ही चेन पुलिंग के मामलों में कमी हुई है। अप्रैल से मई के बीच त्योहारी सीजन के साथ भीड़ के समय में भी बेवजह चेन पुलिंग के मामलों को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। पिछले सालभर में हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की थी। यात्रियों में जागरूकता आने से अब बेवजह चेन पुलिंग 70 फीसदी कम हो चुकी है। उचित कारणों से ट्रेन रोकने वालों की संख्या रेलवे में जरूर बढ़ी है।

सारनाथ, अमरकंटक, आजाद हिंद समेत छत्तीसगढ़ और संपर्कक्रांति समेत हावड़ा व मुंबई की ट्रेनों में अधिक है।

## बेवजह चेन पुलिंग में ज्यादातर यात्रियों ने कहा- परिजनों के इंतजार में रोक दी ट्रेन

### ट्रेन कैसे रुकती है यह देखने चेन पुलिंग

हरिभूमि ने जब बेवजह चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों की पड़ताल की, तो 134 मामलों में सबसे ज्यादा ट्रेन रोकने वालों में युवा वर्ग शामिल है। कई मामले में समय से पहले नहीं पहुंचने पर परिजनों व दोस्तों के लिए ही एक से दो बार चेन पुलिंग कर दी। इस कारण 10 मिनट तक ट्रेन लेट हो गई। कुछ यात्रियों ने आरपीएफ को यह भी बताया कि चेन खींचने से ट्रेन कैसे रुकती है यह देखने के लिए चेन पुलिंग की। कुछ युवाओं और असामाजिक तत्वों ने केवल परेशान करने के उद्देश्य चेन पुलिंग की। ऐसे सभी यात्रियों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया।



### चेन पुलिंग मामले कम

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अलार्म चेन पुलिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2024 में अभी तक बिना कोई उचित कारण एसीपी करने वाले 134 व्यक्ति की गिरफ्तारी रायपुर पोस्ट द्वारा की गई है। जागरूकता अभियान से चेन पुलिंग मामले कम हुए हैं।

- एस. दत्ता
आरपीएफ निरीक्षक

### अभियान चलाया जा रहा

रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेन में रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर आरपीएफ निरीक्षक एस. दत्ता द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान प्लेटफार्म पर गाड़ी की प्रतीक्षा में बैठे यात्रियों, यात्री प्रतीक्षालय रूम तथा गाड़ियों में यात्रियों को बैनर और मेगाफोन के माध्यम से यात्री गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने के बारे में जागरूक किया जाता है।

### बीमार एनिमल के ठीक होने के बाद 30 दिन के भीतर छोड़ने के नियमों की अनदेखी

# जंगल सफारी में रेस्क्यू कर लाए एनिमल की संख्या दो सौ के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिड़िया घर केवल मनोरंजन का केंद्र ही नहीं है, चिड़िया घर घायल तथा बीमार वन्यजीवों के लिए उपचार केंद्र भी है। इसके लिए केंद्रीय चिड़िया घर प्राधिकरण (सीजेडए) ने सख्त नियम भी बनाए हैं। मानव निर्मित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में सीजेडए के नियमों की अनदेखी की जा रही है। सफारी में जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए घायल तथा बीमार वन्यजीवों को ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ने का नियम है। सफारी प्रबंधन ने नियम के विरुद्ध रेस्क्यू कर लाए गए बीमार एनिमल के ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ने के बजाय सफारी को वन्यजीव का स्थायी घर बना दिया है।

गौरतलब है कि जंगल सफारी में वर्तमान में छह सौ के करीब वन्यजीव हैं, उनमें से 180 के करीब वन्यजीव राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से रेस्क्यू कर लाए गए हैं। सीजेडए के नियम के मुताबिक जू में रेस्क्यू कर लाए गए उन्हीं वन्यजीवों को रखने का नियम है, जो स्थायी रूप से अपंग हो गया है। साथ ही बीमार तथा घायल अवस्था में लाए गए वन्यजीवों को उपचार करने के बाद जंगल में पुनः छोड़े जाने का नियम है। जंगल सफारी जब से शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक रेस्क्यू कर लाए गए वन्यजीवों में गिनती के वन्यजीवों को उनके रहवास क्षेत्र में छोड़ा गया है।

#### सफारी में कुल वन्यजीवों की संख्या में 25 प्रतिशत जानवर रेस्क्यू कर लाए गए



#### पीओआर मामले में जब्त पक्षी से लेकर वन्यजीव सफारी की कैद में

गरियाबंद से लेकर कई अन्य जगहों से तस्करों के कब्जे से तोता से लेकर कई अन्य प्रजाति के वन्यजीव को रेस्क्यू कर सुरक्षा की दृष्टि से जंगल सफारी में रखा गया है। ऐसे मामलों में जिन क्षेत्र के वन अफसरों ने पक्षी तथा वन्यजीवों को जब्त कर पीओआर दर्ज की है, उन अफसरों ने उन पक्षियों तथा वन्यजीवों को जंगल में छोड़ने कोर्ट में आवेदन तक पेश करना उचित नहीं समझा। ऐसे मामलों के भी पक्षी तथा वन्यजीव सफारी में कैद की जिंदगी जी रहे हैं।

#### सीजेडए का नियम यह कहता है

सीजेडए के नियमों के मुताबिक जंगल में घायल या बीमार वन्यजीवों को उपचार के लिए रेस्क्यू कर जू में लाया जाता है, ऐसी स्थिति में एनिमल के उपचार करने के बाद उसके ठीक होने के 30 दिन के भीतर जंगल में छोड़ने का नियम है। रेस्क्यू कर लाए गए उन्ही वन्यजीवों को जू में रखा जा सकता है जो स्थायी तौर पर अपंग हो गया हो।

#### सफारी में भालू से लेकर तेंदुआ तक बंधक

अफसरों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रेस्क्यू कर लाए गए वन्यजीवों में सात के करीब भालू के साथ पांच तेंदुआ, दो लकड़बग्घा सहित बंदर तथा कई अन्य प्रजाति के वन्यजीव तथा पक्षी शामिल हैं। सफारी में रेस्क्यू कर लाए गए ज्यादातर जानवर पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

# विधायक मूणत ने कई इलाकों का किया दौरा अफसरों को व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने पूरे दिन रायपुर शहर के कई क्षेत्रों का मैराथन दौरा करके विभिन्न विकासकार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ कई विभागों के अधिकारी भी थे। हाल ही में राजेश मूणत को शहर के महोबाबाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पीछे कोटा में पटवारी हल्का नंबर 107/37 खसरा नंबर 44/6 44/10 44/11 44/16 44/17 एवं 44/18 पर अवैध प्लाटिंग की जाने की शिकायत मिली थी।

राजेश मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग को लेकर सक्त रुख अपनाया है। वह जनशिकायतों के आधार पर एक्शन ले रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग बर्दास्त नहीं करेंगे। श्री मूणत ने बताया, आरडी तिवारी स्कूल से आमानाका ओवर ब्रिज तक आदर्श रोड बनाई जा रही है। श्री मूणत ने निगम आयुक्त, निगम प्रशासन स्मार्ट सिटी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ इस मार्ग का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने सखाराम दुबे स्कूल के निकट तिराहे पर बन रहे रोड डिवाइडर का निरीक्षण करके उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइंस कॉलेज के बाजू से दीनदयाल उपाध्याय नगर की ओर जाने वाले मार्ग किनारे किए जा रहे सौंदरीकरण कार्य का भी मुआयना किया। श्री मूणत ने इस दौरान डीडी नगर से रिंग रोड जाने वाले मार्ग का वी शेप में चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए।

# सवा पांच लाख के जेवर जब्त, नाबालिग गिरफ्तार



रायपुर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सवा पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। पुलिस ने चोरी के आरोप में जिस नाबालिग को गिरफ्तार किया है, वह पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। बृजेश चौधरी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। बृजेश ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित 4 जून को अंबिकापुर गया था। वहां से 10 जून को वापस लौटने के बाद उसे अपने घर में चोरी होने की जानकारी मिली।

पेज 11 के शेष

### ट्रेजर आईलैंड की...

ओर भाजपा पार्षद दल की नेता मीनल चौबे ने टैक्स कम करने के लिए सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया है कि यह सब उसके कार्यकाल में हुआ है, इसलिए इसके लिए स्वयं महापौर जिम्मेदार हैं।

**इमारत का नहीं जमीन पर लगा दिया टैक्स-** ट्रेजर आईलैंड इमारत का टैक्स जिस तरह से घटाया गया है, उससे यही लग रहा है कि राजस्व विभाग के अधिकारी इमारत की जगह सिर्फ जमीन पर टैक्स लगाया गया है। अधिकारियों के अनुसार इमारत के मालिक ने पूर्व में टैक्स को लेकर आपत्ति भी जताई थी कि इमारत का पूर्ण निर्माण हुए बिना उस पर टैक्स लगा दिया गया है। अफसरों का यह भी कहना है कि नियम-शर्त खंगालने के बाद यह पाया कि बिल्डिंग को तब तक कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाता, जब तक उसे निर्मित नहीं माना जाता।

**महापौर ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन-** इस मामले में निगम प्रशासन में एक ओर जहां घमासान मचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर एजाज ढेबर व एमआईसी के सदस्यों ने टैक्स घटाने के मामले में जिला कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में तब तक आईलैंड के नियमितीकरण नहीं किए जाने की मांग की गई है, जब तक इस मामले में कोई सही निर्णय नहीं आ जाता।

**राजीनामा से टैक्स लिया जाए -** अगर नियमितिकरण किया जाता है तो इससे निगम प्रशासन को टैक्स के रूप में मिलने वाली करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि होगी। यह प्रकरण शासन स्तर पर नगरीय प्रशासन विभाग के पास लंबित है, इसलिए इसका निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया जाए। इससे निगम प्रशासन को सही टैक्स के रूप में राजस्व मिल पाएगा।

- **श्रीकुमार मेनन,** एमआईसी सदस्य , नगर निगम

### 12 साल पहले हुई...

नियमितीकरण के लिए निगम में आवेदन दिया है। इस आवेदन पर राजस्व विभाग के अधिकारियों ने आईलैंड पर लगे टैक्स को 22 करोड़ की जगह 2 करोड़ 29 लाख रुपए कर इसकी फाइल प्रशासन को भेज दी है, जिस पर निर्णय लिया जाना है।

### मशीनें पुरानी, भीड़...

अस्पताल में उपचार के लिए प्रतीक्षा कई बार मरीजों में असंतोष का कारण बनती है और वे लीव अगेंस्ट मेडिकल एडवाइस (लामा) लेने का फैसला लेते हैं। पिछले चार माह में आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में इलाज के लिए आने वाले 771 लोगों ने डाक्टरों की सहमति के बिना अस्पताल से लामा ले लिया। इतना ही नहीं, उपचार शुरू होने के बाद इसी अवधि में 491 लोगों ने अस्पताल छोड़ दिया और इसकी जानकारी भी अस्पताल प्रबंधन को देने की जरूरत नहीं समझी। सूत्रों का दावा है कि यह आंकड़े तो केवल इमरजेंसी विभाग के हैं, अन्य विभागों में भर्ती होने के दौरान लामा लेने और एब्सकॉन लेने वाले मरीजों की संख्या इसकी दो से तीन गुना है। उनका मानना है कि अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है, मगर उस हिसाब से यहां सुविधाएं और संसाधन नहीं बढ़ाए जा रहे हैं, जिसकी वजह से मरीज अस्पतालों से पलायन कर रहे हैं। निजी अस्पताल का आकर्षण- सूत्रों का कहना है कि कई मरीज वीआईपी ट्रीटमेंट की आस रखते हैं। इलाज के दौरान उन्हें अच्छे बिस्तर और अच्छी सुविधाओं की आस होती है। इस दौरान अस्पतालों में कतिपय लोगों द्वारा निजी अस्पतालों की चर्चा होती है और मरीज उस ओर आकर्षित होकर आंबेडकर अस्पताल से चिकित्सकों की सलाह के विरुद्ध लामा लेकर रवाना हो जाते हैं। इसके अलावा कई बार मरीजों को अपना मर्ज मामूली लगता है, इसलिए स्वयं की जिम्मेदारी पर वे अस्पताल छोड़ जाते हैं।

### उपभोक्ता फोरम पहुंचा मामला

# निगम से दोगुना जलकर, पानी की सप्लाई भी बगैर फिल्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर से लगे सेजबहार में फेज-2 हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी के रहवासी इन दिनों घरों में बगैर फिल्टर के दूषित पानी की सप्लाई और नगर निगम की तुलना में दोगुने जल कर की वसूली से परेशान हैं। बारिश का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में इस सोसाइटी के लोगों को अब अपने स्वास्थ्य की भी चिंता होने लगी है, क्योंकि जिस पानी टंकी के माध्यम से पाइपलाइन के जरिए घर-घर तक पानी सप्लाई की जा रही है, वह टंकी ग्राउंड में बनी हुई है। बताया जा रहा है कि टंकी खुली हुई है और पिछले पांच साल से इसकी सफाई तक नहीं की गई है। बारिश के दिनों में टंकी में बारिश का पानी भी जाएगा, जिससे दूषित पानी घरों तक पहुंचेगा।

■ सेजबहार फेज-2 कॉलोनी के रहवासी जल कर एवं प्रदूषित पानी की सप्लाई से परेशान

#### उपभोक्ता फोरम में केस दर्ज

रेजिडेंट कॉपरेटिव सोसाइटी सेजबहार के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि फेज-2 सोसाइटी में पांच सौ से ज्यादा मकान हैं। इन सभी घरों में पानी पहुंचाने का काम हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे है। इसके लिए सोसाइटी में ग्राउंड पर बड़ी पानी टंकी का निर्माण किया गया है। हाउसिंग बोर्ड इसी टंकी से पानी सप्लाई के एवज में प्रतिमाह हर घर से जल कर के रूप में साढ़े चार सौ रुपए वसूलता है, जबकि निगम प्रशासन द्वारा प्रतिमाह 2 सौ रुपए लिए जाते हैं। इस तरह हाउसिंग बोर्ड निगम की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा जल कर ले रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जिला उपभोक्ता फोरम में केस किया है, जिस पर सुनवाई चल रही है। फैसला आना बाकी है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **पूनम वासनिक पति प्रीतम नारायण वासनिक** निवासी भूखण्ड क्र. 20, गोविंदा ग्रीन्स, बरसाना रोड, सर्वोदय नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.), पिन 492099 ने अपना पुराना नाम पूनम वासनिक पति प्रीतम नारायण वासनिक बदल दिया है। इसलिए भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **पूनम प्रीतम वासनिक पति प्रीतम नारायण वासनिक** से पहचाना जावे।

**पूनम प्रीतम वासनिक**
**भूखण्ड क्र. 20, गोविंदा ग्रीन्स, बरसाना रोड, सर्वोदय नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.), पिन 492099**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **प्रीतम वासनिक पिता नारायण किसन वासनिक** निवासी भूखण्ड क्र. 20, गोविंदा ग्रीन्स, बरसाना रोड, सर्वोदय नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.), पिन 492099 ने अपना पुराना नाम प्रीतम वासनिक पिता नारायण किसन वासनिक बदल दिया है। इसलिए भविष्य में मुझे सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **प्रीतम नारायण वासनिक पिता नारायण किसन वासनिक** से पहचाना जावे।

**प्रीतम नारायण वासनिक**
**भूखण्ड क्र. 20, गोविंदा ग्रीन्स, बरसाना रोड, सर्वोदय नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.), पिन 492099**

## कार्यालय रा.नि.मं.– रायपुर - 14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला - रायपुर (छ.ग.)

### //आम सूचना//

जारी दिनांक 14/06/024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष साहू पिता सुखचंद साहू निवासी सुदामा नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मण्डल- रायपुर- 14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 41/5 रकबा क्रमशः 5272 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 5272 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 24/05/2024 के परिपालन में दिनांक 21/06/2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रायपुर-14**
**(बोरियाखुर्द)**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-27, में स्वतंत्र भवन क्रमांक - पी3ए / 223, को श्री देवेन्द्र सिंह दत्तक पुत्र श्रीमति तपेश्वरी देवी एवं श्रीमति प्रीति सिंह पति स्व. श्री देवेन्द्र सिंह, पताः - ई-2/15, ऑफिसर्स कालोनी, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है । आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री देवेन्द्र सिंह दत्तक पुत्र श्रीमति तपेश्वरी देवी की मृत्यु दिनांक 23.05.2018 को हो गयी है । श्रीमति प्रीति सिंह पति स्व. श्री देवेन्द्र सिंह ने अपने पति श्री देवेन्द्र सिंह दत्तक पुत्र श्रीमति तपेश्वरी देवी की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्रीमति प्रीति सिंह पति स्व. श्री देवेन्द्र सिंह के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे । अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5951 दिनांक 26.06.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर - 29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट, तृतीय-तल-19 / 302, श्रीमति संगीता देशमुख पति श्री संजय देशमुख, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 20.07.2016 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमति संगीता देशमुख पति श्री संजय देशमुख निवासी : - 267, सेक्टर - 1, बिहाईड कांशी अपार्टमेंट्स गीतांजली नगर, शंकर नगर, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री प्रमोद वासवानी पिता श्री ज्ञान चंद वासवानी, निवासीः- वासवानी वाटिका नजदीक गौरव गार्डन, विप रोड अमलीडीह, रायपुर तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट, तृतीय - तल - 1- 19 / 302, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3552 दिनांक **14/06/2024** के द्वारा दीनदयाल आवास योजनांर्गत आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में **एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक-37,** का नामांतरण छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र महासमुंद के पत्र क्रमांक 237 दिनांक 15.02.2021 को **श्री समीर चौहान पति श्री मोहम्मद गुलाम चौहान,** पता :- सदर रोड आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से नामांतरित किया गया है। **श्री समीर चौहान पिता श्री मोहम्मद गुलाम चौहान,** द्वारा इस कार्यालय को आवेदन दिनांक 03.09.2020 प्रस्तुत कर आबंटित एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक-37 **क्रेता श्रीमती पुष्पा पटेल पति स्व. श्री राजेश पटेल** पताः- ग्राम व पो.आ. पारागांव थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु अनुमति चाही गई है प्रस्तुत आवेदन में चुकता राशि रुपये 10,00,000/- (अक्षरी दस लाख रुपये मात्र) में सौदा कर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती पुष्पा पटेल पति स्व. श्री राजेश पटेल** के नाम पर विक्रय हेतु **"विक्रय अनुमति/अनापत्ति"** पत्र जारी किया जाना है। अतः अटल आवास योजनांर्गत आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक 37, को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### //शपथ पत्र //

मै ललिता कुर्रे उम्र 34 वर्ष पति पुरुसोत्तम कुर्रे निवासी-बाजार चौक, मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. की निवासी हूं निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करती हूँ :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपर लिखे अनुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, वाकें मौजा ग्राम-पौता, प.ह.नं.-, रा.नि.मं.-तोरला, तहसील-गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं.-170, 174, 176 कुल रकबा 0.63 हे. भूमि को मेरे/क्रेता ललिता कुर्रे पति पुरुसोत्तम कुर्रे के द्वारा विक्रेता मनोज कुमार त्रिपाठी पिता लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से क्रय करने का सौदा किया गया है ।
3. यह कि, उक्त ख.नं. भूमि बिना किसी विवाद का है तथा पूर्ण रूप से पाक-साफ है। इसलिए उक्त भूमि को मेरे द्वारा क्रय किया जा रहा है ।
4. यह कि उक्त ख.नं. भूमि का पेपर प्रकाशन अधिवक्ता के द्वारा कराया जाना है।
5. यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है यदि असत्य पाया जाता है या ईश्तहार प्रकाशन के संबंध में कोई विवाद आता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी ।
6. यह कि उक्त शपथ पत्र उपर वर्णित कथनो के समर्थन में समक्ष अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ती शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 तक मेरी निजी जानकारी सत्य एवं सही है जिसका सत्यापन आज दिनांक को मुकाम मंदिर हसौद में किया गया।

स्थान- मंदिर हसौद
दिनांक 14/06/2024

**शपथकर्ती**
**ललिता कुर्रे**






02 म्यूचुअल फंड में शेयर बाजार ...


## लाइव इवेंट

# सिंधी की ऑनलाइन कक्षाएं सिंधी पंचायत ने की पहल



**रायपुर।** शुक्रवार से छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के तेलीबांधा स्थित प्रदेश कार्यालय में सिंधी भाषा की ऑनलाइन क्लासेस शुरू की गई। प्रथम दिवस देश भर से लगभग 240 विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े। सिंधी पंचायत का कहना है कि यह शुरुआत केवल प्रदेश के लिए नहीं बल्कि देश और विदेश में रहने वाले समाजजनों के लिए की जा रही है ताकि सिंधी भाषा का प्रचार-प्रसार किया जा सके। ऑनलाइन क्लासेज के साथ-साथ सिंधी भाषा की नियमित पाठशाला भी प्रदेश कार्यालय में रोज रात्रि 8 से 9 बजे तक ली जाती है। इसमें भी प्रतिदिन 15 से 20 प्रतिभागी सिंधी भाषा सीखने के लिए शामिल होते हैं।

### युवाओं में दिलचस्पी

सिंधी भाषा देवनागरी लिपि में लिखना व बोलना सिखाया जा रहा है। ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही क्लासेस सिंधी भाषा के प्रशिक्षक मुरलीधर उदासी द्वारा ली जा रही है। इसके संयोजक तनेश आहूजा हैं। इसमें समाजजन बहुत ही उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी व पंचायत के प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया, लोग सिंधी संस्कृति से जुड़े रहें, इसलिए यह पहल की गई है। इसे लोगों का अच्छा प्रतिसादी मिल रहा है। युवा वर्ग के अलावा बच्चे भी इससे जुड़ रहे हैं और सिंधी भाषा सीख रहे हैं। देवनागरी लिपि होने के कारण अधिक कठिनाई सीखने में नहीं आती है।

## मानसून आते ही पालतू जानवरों में बढ़ जाती है स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं

# पालतू के पैरों को कीटाणुओं से बचाने जूते बारिश के लिए डिजाइन किए गए रेनकोट

*मौसम के बदलते ही पेट्स पैरेंट्स की चिंता बढ़ने लग जाती है। इस मौसम में पालतू जानवरों की अधिक देखभाल करने की आवश्यकता होती है। इंसानों की तरह पशुओं को भी मौसमी एलर्जी की समस्या से गुजरना पड़ता है, जिसके चलते उन्हें कई समस्या का सामना करना पड़ता है। हर मौसम में पेट्स के लिए नियमित रुप से डाइट तय होता है।*




रायपुर। शहर के कई घर में पालतू कुत्ते व बिल्ली मौजूद हैं, जिन्हें परिवार के सदस्य की तरह रखा जाता है। पेट्स के लिए फूड, शैंपू, दवा एवं अन्य सामाग्री दुकान में मौजूद है, जिन्हें चिकित्सकों की सलाह पर मौसम के अनुसार दिया जाता है। शहर के पशु चिकित्सकों ने मानसून में पालतू पशुओं की देखभाल के लिए टिप्स साझा किए हैं-



### दही-चावल बेहतर विकल्प


मौसम में बदलाव के साथ अगर डॉग खाना नहीं खा रहे तो दही चावल सबसे अच्छा है। वही पैरेंट्स अपने डॉग्स को स्नैपी और फोकस कंपनी के डॉग फूड खीला सकते है, इसमें 32 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है। वही कुत्ते-बिल्ली को समय अनुसार मल्टी विटामिन, कैल्शियम, लिवर टॉनिक पिलाने पर इस प्रकार की समस्या नहीं आएगी।



### एलोवेरा और हल्दी वाली शैंपू

शहर स्थित एक निजी पैट क्लिनिक से आर्य मान सहानी ने बताया, मानसून आने पर पालतू कुत्ते-बिल्लियों सहित अन्य जानवरों में कई समस्याएं देखने को मिलती हैं, जिसमें सबसे बड़ी समस्या फंगल इंफेक्शन है। चिकित्सकों के अनुसार, फंगल इंफेक्शन से बचाव के लिए पालतू के रहने वाले स्थान और बिस्तर की रोजाना साफ-सफाई सबसे जरुरी है। इन दिनों पालतू जानवरों में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन की समस्या अधिक देखने को मिलती है। इस दौरान फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होने पर क्लिपा क्लो शैंपू उपयोग में लाया जा सकता हैं, जिसमें एलोवेरा और हल्दी मिली हुई होती है। यह पशुओं के शरीर के लिए फायदेमंद होता है।





### बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रूमिंग जरुरी

*निजी पेट सैलून संचालक गीतांजली ध्रुव कहती हैं, सैलून में पेट्स के ग्रूमिंग के दौरान कई समस्या देखने को मिलती हैं। जिसके बाद पेट्स पैरेंट्स को इसकी जानकारी दी जाती है। किसी भी मौसम में फंगल इंफेक्शन की समस्या हो सकती है, लेकिन बारिश के दिनों में खतरा बढ़ जाता है। सैलून संचालक ने बताया, फंगल इंफेक्शन भींगने की वजह से होता है, जो बारिश के दिनों में अधिक्तर पालतू व आवारा पशुओं में भी देखने को मिलता है। बारिश होने पर पालतू पेट्स को घर पर रखें और भींगने से बचाए। भींग जाने के बाद तुरंत शरीर को ड्राय करें और सूखे जगह पर रखें।*

### त्वचा में बदलाव से समझें समस्या

सैलून संचालक आशीष जंघेल ने बताया, कभी-कभी पेट पैरेंट्स को पेट्स की समस्या की जानकारी नहीं होती। ग्रूमिंग को दौरान शरीर के विभिन्न हिस्से में हो रहे, इंफेक्शन को देखा जाता है। जिसके बाद पैरेंट्स को चिकित्सकों से सलाह की जानकारी दी जाती है। इन दिनों स्किन इंफेक्शन देखने को मिलता है। जिसे पालतू के शरीर में होने वाले त्वचा के बदलाव से समझा जा सकता है।

### रेनकोट और स्पेशल परफ्यूम

निजी सैलून एवं दुकान संचालक सिमरन राठौर ने बताया, बारिश के दौरान पेट्स पैरेंट्स को सावधानी बरतनी होती है। जिसके लिए दुकानों में रेनकोट और परफ्यूम मंगाया जा रहा। पालतू के साइज के हिसाब से इसे पैरेंट्स खरीदते हैं और वॉक के दौरान बारिश से बचाने के लिए पहनाते हैं। साथ ही पैरों को गंदा होने से बचाने के लिए जूते आने लगे हैं, जिससे उनके पैरों को भींगने और कीटाणु से बचाया जा सकता है।

### अचानक बढ़ता है तापमान

*पशु रोग विशेषज्ञ डॉ.पद्म जैन ने बताया, गर्मी के बाद और बरसात आने से पहले के वक्त में पेट्स पैरेंट्स को अधिक ख्याल रखने की जरुरत होती है। इस दौरान ह्यूमिडिटी बदलते रहती है, जिसके चलते जानवरों में हीट स्ट्रोक की समस्या देखने को मिलती है। इस समस्या को समान्य तौर पर ना लें। इससे कई बार डॉग्स की मौत भी हो जाती है। चिकित्सक ने बताया, बदलते मौसम में हीट स्ट्रोक की समस्या होने की संभावना बनी रहती है। इस दौरान डॉग के शरीर का टेम्परेचर अचानक बढ़ जाएगा और वह खाना-पीना बंद कर देगा।*

### केवल ताजा भोजन

*डॉ. जैन का कहना है कि इस प्रकार की समस्या निर्मित होने पर डॉग्स को कंफर्टेबल एनवायरमेंट देना चाहिए, जिससे उनका टेम्परेचर समान्य रह सके। साथ ही ताजा भोजन दें और 24 घंटे पीने का पानी उनके स्थान पर रखें। सुबह धूप निकलने से पहले और शाम को धूप जाने के बाद वॉक पर लेकर जाए। ध्यान रखें उन्हें तेज धूप में घर के बाहर नहीं निकालना है। भोजन में पानी की मात्रा को बढ़ा दें।*

## सिटी इवेंट

# तीन दिनों में हुई 5 लाख के आम व पौधों की बिक्री



**रायपुर।** कृषि विवि में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का समापन शुक्रवार को हुआ। तीन दिनों के आयोजन के दौरान लगभग 5 लाख रूपए के आम एवं पौधों की बिक्री हुई है। सैकड़ों की संख्या में लोग इस महोत्सव का हिस्सा बनने पहुंचे रहे। यहां देशभर के 600 से अधिक कृषक प्रतिभागियों द्वारा आम की 350 विभिन्न किस्मों के दो हजार से अधिक प्रादर्श छत्तीसगढ़वासियों के अवलोकनार्थ रखे गए थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संभागायुक्त व उद्यानिकी विवि के प्रभारी कुलपति डॉ. संजय अलंग रहे। अध्यक्षता गांधी कृषि विविि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की।

### ढाई लाख हेक्टेयर में फलों की खेती

इस दौरान आम की किस्मों तथा व्यंजनों पर केनद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उद्यानिकी संचालक एस.जगदीशन ने बताया, छत्तीसगढ़ की आबोहवा आम की खेती के लिए उपयुक्त है। राज्य की 46 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में से लगभग ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फलों की खेती की जा रही है, जिसमें एक लाख हेक्टेयर रकबे में आम का उत्पादन हो रहा है।



### व्यंजन निर्माण व सजावट के लिए पुरस्कार

आम महोत्सव के दौरान लगाई गई प्रदर्शनी के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आम से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता के लिए भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली उत्कृष्ट संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। प्रकृति की ओर संस्था के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक प्रतिभागी, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न कृषि महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के कृषि वैज्ञानिक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना के बाद आधा घंटे का समय कीमती, तत्काल करें जीवन रक्षा के उपाय

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति तथा राह चलते किसी व्यक्ति को हृदयघात होने की स्थिति में उनकी सांस वापस लाने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को एक दिवसीय कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) ट्रेनिंग दी गई।

प्रशिक्षण शिविर एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के साथ डॉयल 108 के अफसर तथा कर्मी भी शामिल हुए। ट्रैफिक तथा डॉयल 108 के अफसर, कर्मियों को डॉ. पंकज कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शामिल लोगों को बताया गया कि सड़क दुर्घटना के बाद आधा घंटे का समय गोल्डन अवर रहता है। सड़क दुर्घटना में घायलों को मौके पर ही प्रथमिक उपचार मिल जाए, तो 80 प्रतिशत लोगों की जान बचाई जा सकती है।



रुकी हुई सांस वापस लाने ट्रैफिक पुलिस को सीपीआर ट्रेनिंग

दुर्घटना में घायल व्यक्ति का ज्यादा रक्त स्त्राव होने की स्थिति में रक्त को बहने से रोकने के उपाय बताने के साथ ही सांस रुकने पर मरीज को कृत्रिम सांस देने के साथ ही छाती पर किस तरह से दबाकर सांस वापस लाई जा सकती है, इस संबंध में डॉक्टर ने प्रशिक्षण में शामिल लोगों को जानकारी दी। पानी में डूबे व्यक्ति की सांस वापस लाने फेफड़े में जमा पानी निकालने के उपाय बताए।

# तनाव दूर करने योग टिप्स जुटे नालंदा परिसर के छात्र

**रायपुर।** आयुष संचालनालय के दिशा-निर्देशानुसार 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तारतम्य में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के स्वस्थवृत्त विभाग द्वारा शुक्रवार से नालंदा परिसर में नियमित योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. प्रवीण जोशी सहित 55 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों में मुख्य रूप से आम नागरिक एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं शामिल थे। इस अवसर पर विभाग के व्याख्याता डॉ. विभा पाली एवं योग चिकित्सक डॉ. सुनीता जैन द्वारा सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार, आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' निर्धारित किया गया है।



### ऑनलाइन होगी स्लोगन प्रतियोगिता

महाविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए पांच दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत 17 जून से 21 जून तक इंटर आयुर्वेद कॉलेज ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता, 'महिला स्वास्थ्य के लिए योग' एवं 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर केनद्रित भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। महाविद्यालय परिसर में आगामी 21 जून को प्रातः 7 बजे वृहत योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा।

कार्नर न्यूज

## गंगा दशहरा पर विशेष पूजा और संस्कार, 9 कुंडीय यज्ञ भी

# गंगा दशहरा कल, इसके अगले दिन भद्रावास व शिव योग में मनेगी गायत्री जयंती, घर और मंदिरों में 24 घंटे का अखंड जाप

**रायपुर।** हर वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गायत्री जयंती मनाई जाती है। यह पर्व गंगा दशहरा के एक दिन बाद मनाया जाता है। इस वर्ष 16 जून को गंगा दशहरा है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मां गायत्री की विधि-विधान से पूजा की जाएगी। गायत्री मंदिर के पुजारियों ने बताया कि गायत्री जयंती पर दुर्लभ भद्रावास का संयोग बन रहा है। साथ ही शिव योग का भी निर्माण हो रहा है। इन योग में मां गायत्री की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाएंगे। इसकी तैयारी राजेंद्र गायत्री मंदिर, टाटीबंध गायत्री मंदिर सहित अन्य केंद्रों में तैयारी शुरू हो गई है।

गायत्री ट्रस्ट से पत्र जाने के बाद मंदिरों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। साथ ही मंदिर के सदस्य लोगों के घर-घर जाकर गायत्री जयंती का संदेश देना भी शुरू कर दिया है। कोटा स्थित गायत्री मंदिर में 15 जून को 24 घंटे का अखंड जाप होगा। वहीं 16 जून को सुबह 8 से 11 बजे तक 9 कुंडीय यज्ञ किया जाएगा। गंगा दशहरा होने के कारण इस दिन विशेष पूजा और संस्कार कराए जांएगे। वहीं टाटीबंध गायत्री मंदिर में 5 कुंडीय यज्ञ और जप होगा। मां गायत्री की पूजा करने से साधक को बड़े से बड़े काम में सफलता मिलती है। साथ ही साधक बुद्धिमान और विवेकवान बनता है।

### महेश नवमी पर निकलेगी प्रभात फेरी



ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 15 जून की रात 12:03 बजे पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन 16 जून की रात 02:32 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार, महेश नवमी पर्व 15 जून को मनाया जाएगा। इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 7:15 तक रहेगा। माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। वहीं प्रभात फेरी निकाली जाएगी। समाज के लोग घर पर रंगोली बनाकर दीप जलाएंगे। वहीं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### एक वर्ष में पूर्ण करने हैं संकल्प

वेदमाता गायत्री ट्रस्ट ने सभी केंद्रों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा है कि वे गायत्री जयंती पर पूजा-अर्चना के बाद संकल्प लें। इसमें सभी को 108 लोगों को दीक्षा देना, 108 लोगों के यहां देवस्थापना करना, 501 लोगों से संपर्क करना, 51 नए लोगों को 9 दिवसीय संजीवनी साधना सत्र का भागीदारी बनाना, 21 नए प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल का गठन करना सहित अन्य संकल्प शामिल हैं। जिसे पूरे साल में पूरा करना है। गंगा दशहरा और गायत्री जयंती पर पूजा-अर्चना करवाने गायत्री मंदिर के पुजारी उपलब्ध रहेंगे। ऑनलाइन सुविधाएं भी देंगे। साथ ही 16 संस्कार में से लोग किसी भी संस्कार को करवा सकते हैं।



समर कैंप

# छात्रों ने बनाए सैंपल ऐप जाने व्यावसायिक उपयोग



रायपुर। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आयोजित चार दिवसीय वर्कशॉप का समापन शुक्रवार को हुआ। यहां छात्रों को मोबाइल ऐप डेवलपमेंट की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में स्कूली छात्रों को ऐप डिजाइनिंग, कोडिंग, टेस्टिंग और लॉन्चिंग के विभिन्न चरणों की जानकारी दी गई। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा 40 बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. नचिकेत तापस शामिल ने अपनी टीम के साथ प्रतिभागियों को जानकारी दी। अंतिम दिन प्रतिभागियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साइंस सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज भी उपस्थित रहे।

## डेटा और फाइल स्टोरेज का तकनीकी ज्ञान

मोबाइल ऐप के विकास, व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रभाव, फ्लटर के बुनियादी सिद्धांत, संरचना, उपयोग और डेवलपमेंट की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप विकास में अत्याधुनिक कौशल से सशक्त बनाने के लिए उन्नत यूआई और यूएस डिजाइन, इंटरएक्टिविटी, बैक एंड इंटीग्रेशन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। डेटा और फाइल स्टोरेज के लिए फायरबेस के साथ मोबाइल ऐप को एकीकृत तैयार करना भी सीखाया गया। प्रतिभागियों ने एक सैंपल टू-डू ऐप भी बनाया, जिसमें यूआई तकनीक, स्टेट्स प्रबंधन, उपयोगकर्ता इनपुट को संभालना और फायरबेस जैसी चीजें शामिल रहीं।

सिटी लाइव

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सचिव उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन प्रसन्ना आर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को केंद्रित कर तैयार की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि व्यक्ति स्वावलंबी होकर नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू की जा रही है। इस संबंध में शासन स्तर पर सभी तैयारियां की जा रही हैं।

## भारतीय परंपरा, ज्ञान और कौशल के समावेश पर जोर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के राज्य नोडल अधिकारी प्रो.जीए घनश्याम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षा के संस्कार को पैदा करना है। जिसमें भारतीय परंपरा, ज्ञान और कौशल के समावेश पर जोर दिया गया है। यह शिक्षा नीति हमारे देश को विकासशील से विकसित भारत की ओर ले जाएगी। यह विद्यार्थियों में कौशल का विकास करेगी, जिससे वे काम लेने वाले नहीं बल्कि काम देने वाले बन सकें। इसमें कौशल, नैतिक मूल्य और स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कैंपस इवेंट

# हैकिंग कौशल का नैतिकता के साथ प्रयोग करें विद्यार्थी



रायपुर। एनआईटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एथिकल हैकिंग एंड डिजिटल फॉरेंसिक्स विषय पर आयोजित पांच दिवसीय बूटकैंप का 14 जून को समापन हुआ। निदेशक डॉ.एनवी. रमना राव ने साइबर सिक्योरिटी एवं फॉरेंसिक्स के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रायोगिक अनुभव लेने और वर्तमान मांग के अनुरूप प्रोजेक्ट्स बनाने की अपील की। डॉ. श्रीश वर्मा ने कंप्यूटर फॉरेंसिक्स और डिजिटल फॉरेंसिक्स के अंतर को समझाया और इसके महत्व की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों से अपने हैकिंग कौशल को नैतिकता के साथ उपयोग करने की सलाह दी।

## केस स्टडी के जरिए कॅरियर टिप्स

विभिन्न आईआईटी, एनआईटी, पुलिस यूनिवर्सिटी जोधपुर और डीआरडीओ जैसे प्रख्यात संस्थानों के साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल फोरेंसिक्स के विशेषज्ञों ने इस पांच दिवसीय बूटकैंप में महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए। डिजिटल फॉरेंसिक्स और एथिकल हैकिंग के इस बूटकैंप के विषयों का चयन छात्रों और प्रोफेशनल्स को इस क्षेत्र में कॅरियर की शुरुआत करने योग्य बनाने के अनुरूप किया गया था। केस स्टडी पर एक्सपर्ट्स के अनुभव द्वारा डिजिटल फॉरेंसिक्स ज्ञान प्रदान किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। देशभर से आए छात्रों, रिसर्च स्कॉलर्स, फैकल्टी और वर्किंग प्रोफेशनल्स ने इस वर्कशॉप में भाग लिया।

यूनियन म्यूचुअल फंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधु नायर ने हरिभूमि से खास बातचीत में साझा किए अनुभव

# म्यूचुअल फंड में शेयर बाजार से कम रिस्क, फिक्स डिपॉजिट की जगह एसआईपी में करें निवेश, 5 सालों में 10 फीसदी रिटर्न

हर देश का अपना अमृतकाल आता है, जिसमें निर्माण और विकास कार्यों के कारण इकॉनमी तेजी से बढ़ती है। भारत का अमृतकाल शुरू हो चुका है। इस स्वर्णिम काल में आने वाले 20 सालों में भारत की इकॉनमी में 12 फीसदी की ग्रोथ होगी।

रायपुर। अच्छी कंपनियों में निवेश से लोगों को बेहतर रिटर्न मिलेगा। यह कहना है यूनियन म्यूचुअल फंड मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधु नायर का। उन्होंने हरिभूमि से खास बातचीत में म्यूचुअल फंड को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उनका कहना है कि पैसा कमाने के लिए रिस्क लेकर कार्य करना पड़ता है। बदलते समय के साथ यह रिस्क कम हुआ है। शेयर बाजार में पैसा लगाने पर पैसा डूबने का रिस्क होता है कि अगर कंपनी के शेयर गिरे तो पैसे भी चले जाएंगे, लेकिन म्यूचुअल फंड में यह रिस्क कम हो जाता है। लोगों के पैसे को एक्सपर्ट मैनेज करते हैं।

## इंटरनेट में वीडियो देखकर ना करें निवेश

आज के दौर में लोग इंटरनेट में वीडियो देखकर निवेश करते हैं, जो सबसे बड़ी लापरवाही है। व्यक्ति कहीं भी निवेश करे, लेकिन सबसे पहले एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए। म्यूचुअल फंड में जो लंबे समय तक निवेश करेगा उसे अच्छा रिटर्न मिलेगा। अगर कोई 5 से 20 साल के लिए निवेश करना चाहता है तो उसे इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम में करना चाहिए। 2 से 3 साल के के लिए कॉरपोरेट बॉन्ड फंड सही रहेगा। कम समय के लिए फिक्स्ड स्कीम सबसे अच्छा है। इसमें 7 से 8 प्रतिशत का रिटर्न मिल जाएगा।



- म्यूचुअल फंड में लंबे समय तक पैसे निवेश करने पर ही मिलेगा लाभ, इंटरनेट में देखकर निवेश करना सबसे बड़ी लापरवाही

## ऑटोमोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर होगा बूम

भारत की इकोनॉमी लगातार बढ़ती जा रही है। इसलिए अब विदेशी कंपनी भी भारत में बड़ी संख्या में निवेश करने लगे हैं। आने वाले 10 से 15 सालों में ऑटो मोबाइल, हेल्थ और इंफ्रास्ट्रक्चर समेत आईटी, रियल एस्टेट सेक्टर बूम करेगा। भारत में आने वाले समय में रेलवे और सड़कों का निर्माण तेजी से हो रहा है। ऐसी कंपनियों में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिल सकता है।




## दो तरह से आता है शेयर बाजार में पैसा

शेयर बाजार में दो तरह से पैसा आता है। पहला डोमेस्टिक और दूसरा फॉरेन कंपनियों से। कई बार कंपनी पैसे निकालकर भाग जाती है और बाजार गिर जाता है। इससे काफी नुकसान होता है, लेकिन म्यूचुअल फंड में ऐसी स्थिति होने के बाद भी पैसे बढ़ते हैं। इसकी खास वजह एसआईपी म्यूचुअल फंड है। हर महीने 20 हजार करोड़ म्यूचुअल फंड में आ रहा है। अगर कोई कंपनी भाग भी जाती है, तब भी हर महीने इतने पैसे आ रहे हैं। इसलिए म्यूचुअल फंड में रिस्क कम है और रिटर्न अधिक मिलने की संभावना है। डेट फंड में हाई रिटर्न मिलने के चांस होते हैं, लेकिन रिटर्न की गारंटी नहीं होती। वहीं एफडी में रिटर्न की गारंटी होती है। अब बात लिक्विडिटी की करें तो एफडी में 5 साल के लिए पैसा ब्लॉक हो जाता है, लेकिन डेट फंड लिक्विडिटी के मामले में बेहतर विकल्प है।



## 15 सालों में 60 लाख करोड़ तक पहुंचा म्यूचुअल फंड

मधु नायर कहना है कि 15 से 20 सालों में म्यूचुअल फंड के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। आज म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री 60 लाख करोड़ की हो चुकी है, जिसमें वर्तमान में केवल 5 करोड़ ही निवेशक है। उनका कहना है कि 60 लाख करोड़ में 25 लाख इक्विटी लिंक्ड सेविंग का है। 20 हजार करोड़ हर महीने मिल रहा है। इसके अलावा एलआईसी से 5 हजार करोड़, एनपीएस से 10 हजार और प्राइवेट सेक्टर और ईपीएस से 40 हजार करोड़ हर महीने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री को मिल रहा है। उनका कहना है कि आने वाले समय में इंडस्ट्री में 10 से 20 प्रतिशत का ग्रोथ देखने को मिलेगा। एसआईपी करने वाले हर महीने में करोड़ों में बढ़ रहे हैं।

## एसआईपी में रिस्क कम, रिटर्न अधिक

फिक्स्ड डिपॉजिट एक सुरक्षित स्कीम है, लेकिन डेट फंडों के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव रहता है। डेट फंडों में एफडी के मुकाबले रिस्क जरूर है, लेकिन लंबी अवधि में इनमें एफडी के मुकाबले बेहतर रिटर्न की उम्मीद रहती है। कई बार यह रिटर्न एफडी के मुकाबले डबल भी हो जाता है। वैसे रिस्क देखें तो डेट फंड में एसआईपी एक बेहतर विकल्प हो सकता है। यहां छोटा अकाउंट हर महीने निवेश किया जाता है। 5 से 10 सालों में एसआईपी 10 से 12 फीसदी तक रिटर्न देता है। फिक्स्ड डिपॉजिट में 5 साल की स्कीम पॉपुलर है। एफडी निवेश का एक सुरक्षित विकल्प है, लेकिन इसमें पहले से तय ब्याज के हिसाब से ही रिटर्न मिलेगा। डेट स्कीम में उतार-चढ़ाव हो सकता है, यह बाजार के उतार-चढ़ाव से मुक्त होता है।

# सीमा पर सुरक्षा संग मरीजों के लिए भी आगे आए सैनिक

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा 4 स्थानों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला सैनिक कल्याण कार्यक्रम, पोस्ट ऑफिस, संकल्प हॉस्पिटल और होटल क्लार्क शामिल रहे।

## पूर्व सैनिक व एनसीसी कैंडिडेट्स ने किया रक्तदान

रायपुर। रेड क्रॉस ब्लड सेंटर प्रभारी ने बताया, संचालनालय सैनिक कल्याण एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा बड़े स्तर पर ब्लड कैंप लगाया गया, जिसमें भूतपूर्व सैनिक व एनसीसी कैंडिडेट्स ने रक्तदान किया। ब्रिगेडियर द्वारा रक्तदान की महत्ता बताते हुए उन्होंने एनसीसी कैंडिडेट का उत्साहवर्धन किया गया। सैनिक कल्याण बोर्ड में 60 यूनिट, पोस्ट ऑफिस में 14 यूनिट, संकल्प हॉस्पिटल में 15 यूनिट और क्लार्क इन स्यूट्स होटल में 14 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। इस तरह से 103 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया।



## सीआरपीएफ बटालियन के जवान भी पहुंचे रक्तदान करने

मेडिकल कॉलेज में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान करने वाले चिकित्सकों एवं सीआरपीएफ बटालियन के जवानों का सम्मान किया गया। सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले चिकित्सकों, चिकित्सा छात्रों और सीआरपीएफ बटालियन जवानों ने अपने अनुभव भी साझा किए। रक्तदाता सम्मान समारोह के अवसर पर 124 बार रक्तदान कर चुके चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. विजय कापसे, डॉ. सूदित पाल, डॉ. अविरल मिश्रा, डॉ. पुष्कर चौधरी, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. कुशल चक्रवर्ती, डॉ. प्रांकुर पांडे, डॉ. देवप्रिया रथ, डॉ. पीयूष भार्गव, डॉ. प्रेम चौधरी, डॉ. शिल्पा भार्गव और डॉ. रीति शर्मा का सम्मान किया गया। ये सभी ऐसे रक्तदाता हैं जिन्होंने 20 से अधिक बार रक्तदान किया है।

## कारखाने में नहीं बन सकता मानव रक्त



डॉ. नेरल ने कहा कि मानव रक्त न तो किसी कारखाने में बनाए जा सकते हैं, न ही खेतों में उगाए जा सकते हैं और न ही जानवरों से प्राप्त कर सकते हैं, मानव रक्त का विकल्प केवल मानव रक्त ही है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने ऑटोलोगस ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बारे में भी जानकारी दी। सीआरपीएफ बटालियन रायपुर सीजी सेक्टर के बहादुर जवानों में उमेश कुमार, मुलागापाका साई, धर्मेंद्र कुमार, नौशाद अली, दिलीप मस्कोले, रविन्द्र दसरत, रूपज्योति डेका, पंकज पेगु, मनोज कुमार और सुरेंद्र डिडेल ने रक्तदान किया। उत्साहवर्धन के लिए सीआरपीएफ के हरीश मेहरा और जागेश्वर भगत उपस्थित रहे।

# चार घंटे चला हवन, मां धूमावती को मुंगौड़ी, गुलगुले और भजिए का भोग



रायपुर। शुक्रवार को मां धूमावती प्रकाट्य उत्सव के मौक पर मंदिरों में विशेष पूजन-हवन हुए। मां धूमावती को पार्वती माता का ही अवतार माना जाता है। उनके प्रकाट्य उत्सव पर पुरानी बस्ती स्थित मां शीतला माता मंदिर में हवन किया गया। संध्या 7.30 बजे प्रारंभ हुआ यह हवन लगभग चार घंटे तक चला। गौरतलब है कि शीतला माता मंदिर में जिले का एकमात्र मां धूमावती सिद्धपीठ है। इस कारण यहां भक्तों की भीड़ उमड़ी। अन्य दिनों की तुलना में यहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या शुक्रवार को अधिक रही। हवन में महिलाएं अधिक संख्या में शामिल हुईं। विशेष रुपए से हुए हवन-पूजन के लिए पहले ही तैयारियां कर ली गई थी।

## ये पकवान रहे शामिल



मंदिर के मुख्य पुजारी नीरज सैनी ने बताया, जेठ माह की अष्टमी को धूमावती जयंती मनाई जाती है। माता को विशेष पकवानों का भोग लगाया जाता है। शुक्रवार को प्रकाट्य उत्सव पर धूमावती माता को नमकीन, समोसा, कचौढ़ी, आलूचाप, मिर्ची भजिया, मुंगौड़ी, गुलगुले, नैवेद्य सहित अन्य पकवानों का भोग लगाया गया।

राजधानी के प्रमुख मंदिरों में 22 जून से निभाई जाएगी परंपरा

# जगन्नाथ धाम में रंगाई-पुताई व रथ सज्जा का दौर स्नान पूर्णिमा से भक्तों को प्रसाद में मिलेगा काढ़ा

कार्नर न्यूज

रायपुर। प्राचीन परंपरा के तहत भगवान जगन्नाथ स्वामी महास्नान के बाद बीमार होंगे। ज्येष्ठ वट सावित्री पूर्णिमा पर 108 घड़ों से स्नान के बाद जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अस्वस्थ्य होने से 15 दिन के लिए मंदिर के गर्भ गृह में एकांत वास करते हैं। वे स्वास्थ्य लाभ के बाद रथयात्रा के दिन भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलते हैं। इसके पहले आराध्य देव भाई-बहन सहित जब अस्वस्थ्य होते हैं, उन दिनों भी गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर, सदरबाजार व टूरी हटरी सहित अन्य मंदिरों में भी नियमित तौर पर विधि-विधान से रोज पूजा-अर्चना की जाती है। जब भगवान को काढ़ा व जड़ी बूटियों से तैयार की गई औषधि अर्पित की जाती है। इस वजह से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी प्रसाद के तौर पर काढ़ा दिया जाएगा।



## तैयारी हुई तेज, अब बनेगा रथ



जगन्नाथ मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने बताया, हर साल की तरह इस बार भी मंदिर में उत्सव की तैयारी अब तेज की गई है। मंदिर की रंगाई-पुताई के साथ ही मंदिर परिसर को भी व्यवस्थित किया जा रहा है। इस बार स्नान पूर्णिमा 22 जून को होने से उस दिन सुबह 10 से 12 बजे के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा को 108 घड़ों से भरे जल से स्नान कराने की परंपरा निभाई जाएगी। इसके बाद विधि-विधान से वैद्य के परामर्श से उन्हें औषधिय काढ़ा अर्पित किया जाएगा। 15 दिनों तक इस तरह की प्रक्रिया हर साल की तरह मंदिर में की जाएगी।

## तैयार की जाती है दशमूली दवा



उन्होंने बताया कि शास्त्रों के तहत भगवान जगन्नाथ के अस्वस्थ होने को 'ज्वरलीला' कहा जाता है। इसका 15 दिन परंपरा के अनुसार ही सभी जगन्नाथ मंदिरों में पालन किया जाता है। आयुर्वेद पद्धति से जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा का इलाज किया जाता है। ऐसे में उन्हें आयुर्वेदिक काढ़ा दिया जाता है। उपचार के लिए दशमूली दवा तैयार की जाती है। इसमें शाला परणी, बेल, कृष्ण पारणी, गम्हारी, अगीबथु, लबिंग कोली, अंकरांती, तिगोखरा, फणफणा, सुनररी, वृहती और पोटली को मिलाकर दवा बनाने का विधान है।

## इन मंदिरों में रथ सज्जा शुरू

शहर के टूरी हटरी, सदर बाजार स्थित जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा के लिए भगवान की रथ सज्जा शुरू की गई है। इसके साथ ही मंदिरों में होने वाली भीड़ को देखते हुए सदर बाजार में मंदिर परिसर को भी आकर्षक बनाया जाता है। वहीं गायत्री नगर स्थित मंदिर में रथ बनाने का सिलसिला स्नान पूर्णिमा पर शुरू की जाती है। मान्यता के तहत जब महाप्रभु का उपचार चल रहा होता है, उसी दौरान रथ सज्जा का काम शुरू किया जाता है। 15 दिनों में तीनों ही रथ में जरूरी काम करने के बाद उसे सजाया जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### टीएफआई ने कोरबा के द्विवेदी को दी चुनाव की जवाबदारी



**कोरबा।** खेल हित और खिलाड़ियों की प्रगति के लिए सतत समर्पित-प्रयासरत रहने वाले छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव एवं भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के संयुक्त सचिव अनिल द्विवेदी को एक बार फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) ने हरियाणा में ताइक्वांडो संघ की स्टेट बॉडी के लिए चुनाव की कमान दी गई है। 16 जून को अंबाला कैंट में होने जा रही नई कार्यकारिणी के चयन के लिए यह चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराने द्विवेदी शुक्रवार को रवाना हुए। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव आरडी मंगेशकर ने अनिल द्विवेदी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। हरियाणा ताइक्वांडो संघ का चुनाव अंबाला कैंट स्थित आरटीसी नॉर्थ जोन 10 बी फर्स्ट फ्लोर न्यू टैगोर गार्डन में 16 जून को दोपहर साढ़े 12 बजे आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो, इस पर फोकस करते हुए टीएफआई ने उन्हें पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय होगा कि इसके पूर्व भी ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इंडिया ने अनिल द्विवेदी को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश झारखंड, सहित कई राज्यों के राज्य संघ के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक का दायित्व दिया गया था। दिए गए कार्य को तय मापदंड के अनुसार पूर्ण कर द्विवेदी ने इसकी रिपोर्ट भारतीय ताइक्वांडो महासंघ को सौंपेंगे।

### टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए उभरते खिलाड़ी




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान मे राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 6 मई से 11 जून तक ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर संचालित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने की तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ जंप रोप संघ के सचिव अखिलेश दुबे थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी अजीत बनर्जी उपस्थित थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में इशी मिश्रा, आद्या मिश्रा, कृतिका सोनी, प्रतिमा साहू, तन्वी नारंग, ईशानी नारंग, अफसिम, अन्य, मान्यास, अंकिता नाग, एईशित नाहर, औदविक सिंह, अभिनव पीटर, हर्ष खनतल, लावण्या पाण्डेय, आहना सिंह, आर्यन सिंह, अद्विक सिंह सेंगर, वेदी कछावा, प्राप्ति केडिया, यशवंत डेकाटे, विशाल डेकाटे, हर्षित केडिया, लोकेश जांगडे, अर्जुन मल्होत्रा, एंड्रयू एरोन टी विलियम्स और प्रणय चौहान आदि शामिल हैं। शिविर में प्रशिक्षण देने वाले मुख्य कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विनय बैसवाड़े, एन.आई.एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मिराज, एन.आई.एस. कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अशफाक, आईटीटीएफ लेवल-1 कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण निरापुरे थे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ीगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

### बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट प्रतियोगिता 16 को



**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के तत्वाधान में ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर में स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के अंतर्गत बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन 16 जून को किया गया है। प्रतियोगिता का उदघाटन सुबह 11 बजे बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल एवम आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला करेंगे। शाम 6.30 बजे समाजसेवी दुर्गेश साहू करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी वर्ग के खिताबधारी को 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार एवम आकर्षक मेडल दिए जायेंगे साथ ही उज्जैन में होने वाली नेशनल पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता में छग की टीम का भी गठन किया जाएगा।

कोविड के बाद नौजवानों में हडियों की तकलीफ बढ़ी, जोखिम भी ज्यादा

# हड्डियों की कमजोरी के शिकार हो रहे नौजवान ,महामारी ने बढ़ा दिया खतरा

एक-दो दशक पहले तक हड्डियों की समस्या को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों में ये काफी तेजी से बढ़ती दिक्कत बन गई है। डॉक्टर्स बताते हैं, 25-40 की आयु वाले अधिकतर युवा हड्डियों की समस्या, आर्थराइटिस, बोन डेंसिंटी में कमी के शिकार पाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ उनके लिए गंभीर दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती है साथ ही दीर्घकालिक तौर पर भी इसका जोखिम काफी अधिक हो सकता है, जिसमें क्वालिटी ऑफ लाइफ बिगड़ने का खतरा रहता है।

अध्ययनकर्ताओं की एक टीम ने पाया कि युवाओं में हड्डियों से संबंधित समस्याएं पिछले 10-15 वर्षों से अधिक देखी जा रही है, पर कोरोना महामारी के दौरान इसका जोखिम अधिक हो गया है। इसके लिए जिन कारणों को प्रमुख माना जा रहा है उनमें वर्क फ्रॉम होम के दौरान लंबे समय तक बैठने की स्थिति शीर्ष पर है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को पूरे शरीर के लिए कई प्रकार के दुष्प्रभावों का कारण माना जाता रहा है।



### वर्क फ्रॉम होम और हड्डियों की समस्या

कोविड के दौरान सुरक्षात्मक तौर पर घर से काम करने की सहूलियत काफी बढ़ गई थी। संक्रमण के जोखिमों को कम करने में तो इसके लाभ थे पर शोधकर्ताओं ने इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को अलर्ट किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्क फ्रॉम होम के दौरान बहुत से लोग घर से काम करते हुए घंटों तक एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। काम का समय बढ़ गया जिसके कारण व्यायाम में कमी आ गई, परिणामस्वरूप ऐसे लोगों में हड्डी, मांसपेशियों और जोड़ों से संबंधित समस्याओं का जोखिम काफी बढ़ गया है।

### हड्डियों को क्षति पहुंचा रही हैं ये दो कारण

डॉक्टर कहते हैं, मांसपेशियों और हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए हमारे शरीर को सक्रिय रखने की जरूरत होती है। व्यायाम की कमी के चलते हड्डियों के घनत्व और शक्ति में दिक्कतें देखी जा रही हैं। दूसरी तरफ घर से बाहर न निकलने से विटामिन-डी की कमी का जोखिम भी काफी बढ़ गया, जिससे शरीर में कैल्शियम का अवशोषण प्रभावित हुआ जो हड्डियों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है।

### लंबे समय तक बैठना धूम्रपान जितना हानिकारक

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक बैठे रहने की स्थिति को धूम्रपान जितना ही सेहत के लिए हानिकारक पाया है। लंबे समय तक बैठे रहने से न केवल आपका वजन बढ़ता है, ये आपकी पीठ की हड्डियों और मांसपेशियों को क्षतिग्रस्त बनाने का भी कारण हो सकती है। इसके कारण कई लोगों में पैरों में ब्लड क्लॉटिंग का भी जोखिम बढ़ गया है, जिसे डीप वेनस थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) भी कहा जाता है। हड्डियों की सेहत को क्षति पहुंचाने में भी लॉन्ग सिटिंग के दुष्प्रभाव देखे गए हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना महामारी के बाद से युवाओं में हड्डियों की समस्या काफी बढ़ गई है। वैसे तो इसका कोई प्रत्यक्ष वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि घर से काम करने की व्यवस्था ने लोगों की हड्डियों को कमजोर कर दिया है, लेकिन इससे संबंधित कुछ कारक हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से हड्डियों के लिए हानिकारक पाए गए हैं। डॉक्टर कहते हैं, हड्डियों की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं, अगर आप भी लॉन्ग सिटिंग वाले काम करते हैं तो इसके जोखिमों को लेकर सावधान हो जाने की आवश्यकता है।





## स्टेपर की मदद से की जा सकती हैं ये एक्सरसाइज

आज के समय में लोग अपनी हेल्थ को लेकर अधिक जागरूक हो गए हैं और इसलिए एक हेल्दी लाइफ जीने के लिए वे एक्सरसाइज करते हैं। वर्कआउट रूटीन में कई तरह की एक्सरसाइज को शामिल किया जाता है। इन्हीं में से एक है कार्डियो वर्कआउट। कार्डियो वर्कआउट करते हुए हम कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं।

स्टेपर को अक्सर कार्डियो वर्कआउट रूटीन में शामिल किया जाता है। यह ना केवल अतिरिक्त कैलोरी बर्न करके वजन को कम करने में सहायक है, बल्कि इससे मसल्स को भी फायदा मिलता है।

हालांकि, स्टेपर वर्कआउट करते हुए हम अक्सर बेसिक स्टेपर ही करते हैं। जबकि, इसे कई बेहतरीन तरीकों से काम में लिया जा सकता है। जी हां, स्टेपर एक ऐसा वर्कआउट इक्विपमेंट है, जिसे आप कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करके फुल बॉडी वर्कआउट कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको स्टेपर की मदद से की जाने वाली कुछ ऐसी ही एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं-

### प्लैंक स्टेप-अप्स

स्टेपर की मदद से प्लैंक स्टेप-अप्स किया जा सकता है। यह आपकी कोर मसल्स को टारगेट करता हैं, जिससे आपकी एब्स, ऑब्लिक और लोअर बैक मजबूत होते हैं। वहीं, इससे वेट लॉस करना भी आसान होता है। प्लैंक स्टेप-अप्स एक फुल बॉडी वर्कआउट है और इससे आपका पूरा शरीर टोन होता है। प्लैंक स्टेप-अप्स करने के लिए सबसे पहले अपने शरीर को प्लैंक पोजिशन में रखें।अपने




हाथों को ज़मीन पर और स्टेपर के पास रखें।अपना दाहिना हाथ चलाएं और इसे स्टेपर बेंच पर ले जाएं।दाहिने हाथ को उसकी प्रारंभिक स्थिति में वापस ले जाएँ।फिर बाएं हाथ से यही प्रोसेस दोहराएं।इस तरह आप अपनी क्षमतानुसार इस एक्सरसाइज को कर सकते हैं।

### हाई नी स्टेप-अप

हाई नी स्टेप-अप आपकी मसल्स को मजबूत बनाता है। इससे शरीर के निचले हिस्से की स्ट्रेन्थ बढ़ती है। साथ ही, इस एक्सरसाइज से कार्डियोवास्कुलर हेल्थ पर भी अच्छा असर पड़ता है। यह एक हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज है, इसलिए इससे कैलोरी बर्न करने और वजन कम करने में मदद मिलती है। स्टेपर की ओर मुंह करके खड़े हो जाएं।एक पैर से स्टेपर पर चढ़ें।जैसे ही आप आगे बढ़ते हैं, विपरीत घुटने को अपनी छाती की ओर ऊपर लाएं।फिर अपने पैर को वापिस लाएं और दूसरे पैर से भी यही प्रक्रिया दोहराएं।

### ट्राइसेप्स स्टेपर डिप्स

स्टेपर की मदद से ट्राइसेप्स डिप्स एक्सरसाइज भी की जा सकती है। यह आपकी ट्राइसेप्स मसल्स को मजबूती प्रदान करता है। साथ ही साथ, इससे आपका बॉडी बैलेंस व स्टेबिलिटी भी इंप्रूव होती है। ट्राइसेप्स स्टेपर डिप्स करने के लिए स्टेपर के किनारे पर अपने हाथों से अपने कूल्हों के पास किनारे को पकड़कर बैठें। अपने पैरों को तब तक आगे बढ़ाएं जब तक कि आपके घुटने 90 डिग्री के कोण पर न मुड़ जाएं।



## पूर्वजों का आशीर्वाद पाने के लिए बस करें ये जरूरी काम



हिन्दू धर्म में पूर्वजों का स्थान विशेष माना गया है। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि अगर पूर्वज नाराज हो जाएं तो जीवन में हमेशा किसी न किसी परेशानी का आना-जाना लगा ही रहता है। पितरों या पूर्वजों के नाराज होने पर पितृ दोष भी लग सकता है। पितृ दोष को सभी दोषों में सबसे अधिक घातक माना गया है। यहां तक कि अगर पूर्वज नाराज हो जाएं तो इससे पारिवारिक क्लेश बढ़ने लगता है और घर की बरकत रुक जाती है। घर का कोई भी सदस्य तरक्की नहीं कर पाता है। इसी वजह से ज्योतिष शास्त्र में पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए कई उपाय बताये गये हैं। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बस तीन ऐसे काम करने के बारे में बताया है जिसे करने से आपके पूर्वजों का आपको भर-भरकर आशीर्वाद मिलेगा।

### पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए पीपल में डालें जल

पूर्वजों या पितरों को प्रसन करने के लिए रोजाना पीपल के पेड़ की पूजा करनी चाहिए। इससे न सिर्फ पितृ दोष कुंडली से मिट जाता है बल्कि घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा भी अष्ट होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

### पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए इस दिशा में रखें जल

पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए और उनकी कृपा पाने के लिए घर की दक्षिण दिशा में तांबे के लोटे में जल भरकर और उसमें काले तिल मिलाकर रखें। हर शनिवार उस जल को बदलें। पुराने जल को पीपल के पेड़ में चढ़ा सकते हैं।

### पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए इस दिन पिंडदान

पूर्वजों की आत्मा को शांत करने, उनकी मुक्ति के लिए हिन्दू धर्म में पिंडदान और श्राद्ध कर्म को बहुत महत्त्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में किसी भी अमावस्या या खास तौर पर शुक्ल पक्ष के दौरान पितरों का श्राद्ध एवं पिन्दान अवश्य करें।

## भिड़ेगी 90 स्कूलों की टीम 45 दिनों तक निरंतर मुकाबले







### पैरेंट्स भी पहुंचे

कोच उमेश सिंह ठाकुर ने बताया, बीते चार वर्ष से बास्केटबॉल प्रीमियर लीग का संचालन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बेस्ट खिलाड़ी का चयन कर राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिया के लिए तैयार करना है। शाम 6:30 बजे से अयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। स्पर्धा में रोजाना दो टीमों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा, जो निरंतर 45 दिनों तक चलेगा। शहर स्थित 90 विद्यालय के बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया है। प्रतिभागियों में उत्साह बढ़ाने के लिए परिजनों की भीड़ देखने को मिली। साथ ही प्रत्येक टीम के कोच स्पर्धा के दौरान मौजूद रहे। आज शनिवार को बालक टीम के बीच प्रतियोगिता होगी।


**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित बालाजी विद्यालय में आयोजित बास्केटबॉल प्रीमियर लीग के पहले दिन गर्ल्स टीम के मैच देखने को मिले। स्पर्धा में 6 ब्वॉयज और 6 गर्ल्स टीम ने हिस्सा लिया है, जिसमें 120 बच्चे शामिल हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन बालाजी वारियर्स और द स्कॉर्पियन के बीच मुकाबला देखने मिला। जिसमें द स्कॉर्पियन टीम की खिलाड़ियों ने 13-23 से जीत हासिल की। इस मौके पर बेस्ट स्कोरर का खिताब सोनम यादव को दिया गया। स्पर्धा की शुरुआत बास्केटबॉल कोच के टॉस करने के साथ हुई, जिसके बाद सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रस्तुति दी। बीते 2 माह से खिलाड़ी बालाजी बास्केटबॉल प्रीमियर लीग की तैयरी कर रहे हैं।

कार्नर न्यूज

दुनिया की परवाह करते हुए आप कई बार खुद पर ज्यादती करते हैं

# अगर आप हैं 'लोग क्या कहेंगे' सिंड्रोम से पीड़ित तो जान लीजिए इससे डील करने के टिप्स

'कुछ तो लोग कहेंगे... लोगों का काम है कहना, छोड़ो, बेकार की बातों में कहीं बीत ना जाए रैना!'.... ये गाना नहीं, हममें से अधिकांश लोगों के दबे हुए वो इमोशन्स हैं, जो कभी न कभी खीझकर निकल ही पड़ते हैं। आप कुछ नया करने जाएं, तो पहले दिमाग में ख्याल आ जाता है कि चार लोग क्या कहेंगे! हमारे यहां तो किसी का सम्मान भी इसी पर टिका है। लोग क्या कहेंगे! इसके चलते न जाने कितने लोग अपनी इच्छाओं को मार देते हैं। मगर एक बात बताइए कि लोग क्या कहेंगे और सोचेंगे इसकी चिंता हम क्यों करें? इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने वाले हैं कि ऐसे जजमेंटल लोगों को और उन 4 लोगों को, जो दिखते नहीं हैं बस बातें करते हैं, से निपटा कैसे जाए।



**सुनें सबकी, लेकिन करें अपने मन की:** इससे बड़ा सुख आपको प्राप्त नहीं हो सकता है। अगर आपके मन में कहीं यह डर है भी कि लोग क्या कहेंगे, तो 2-4 लोगों से सलाह ले लीजिए। अब सुनिए सभी की, मगर करें वही जो आपका मन कहे। व्यक्ति को हमेशा अपनी इंट्यूशन पर भरोसा करना चाहिए। आपके ख्यालों, सपनों और काम के बारे में आपकी इंट्यूशन जो कह रही है, वो दूसरा नहीं बता सकता है। इस दुनिया में दूसरों को ज्ञान बांटने वाले लोगों की कोई कमी नहीं है, लेकिन यह आप पर निर्भर करता है कि आप किसा ज्ञान लेना चाहते हैं और किसका नहीं। मान लीजिए प्रभु, असली खुशी अपने मन की करने में ही मिलती है।

**खुद से प्यार करना न छोड़ें:** जब आपको खुद पर विश्वास होता है और आप खुद से प्यार करते हैं, तो आपको लोग क्या कहेंगे कि चिंता नहीं खाती। आपके निर्णय किसी और को पसंद आएं या न आएं, वो आपको पसंद आने चाहिए। आप जितना अधिक आत्म-प्रेम और आत्म-स्वीकृति महसूस करते हैं, उतना आत्मनिर्भर बनते हैं। दूसरों से ही नहीं, अपने आप के ऊपर भी थोड़ा दयालुता दिखाएं और खुद के साथ समझदारी से पेश आएं। अपनी खामियों को स्वीकार करें और पहचानें कि गलतियां करना ठीक है। आप क्या चाहते हैं और आप किन बातों में खुश हैं, यह समझना आपके लिए जरूरी है, दूसरों के लिए नहीं।

**चार लोग क्या कहेंगे, आपके हाथ में नहीं:** आप 10 काम अच्छे करेंगे, लेकिन एक काम भी अगर गलत हुआ तो लोग आपकी खामी को ही याद रखेंगे। इसलिए आपको यह समझना जरूरी है कि दूसरे आपके बारे में क्या कहते और सोचते हैं, वो आपके कंट्रोल में कतई नहीं है। अगर आपको लगता है कि आप अपने बारे में राय बना सकते हैं, तो आप गलतफहमी में हैं हुजूर! आप जो भी कर रहे हैं, उससे किसी कोई मतलब नहीं होना चाहिए मगर अफसोस लोगों की नजरें हमेशा आप पर होती हैं, इसलिए इस बात को दिमाग से निकाल दीजिए कि आप किसी की राय को बदल सकते हैं। वो जो सोच रहे हैं, उन्हें सोचने दीजिए और आप अपना काम करते रहिए।


**4 लोगों की सुने बिना अपनी जिंदगी जीना शुरू करें:** आपको सबसे पहले अपनी और फिर अपने परिवार की चिंता करनी चाहिए। एक इंसान के लिए उसके अपने परिवार की राय मायने रखती है। आपको दूसरों की बातों से बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ना चाहिए। अगर आप कुछ पहनने से पहले, चलने से पहले, कहीं जाने से पहले या फिर आगे बढ़ने से पहले यह सोचेंगे कि लोग क्या कहेंगे, तो कभी जीवन नहीं जी पाएंगे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्पीलबर्ग की अगली फिल्म में नजर आएंगी एमिली ब्लंट



अभिनेत्री एमिली ब्लंट ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म को लेकर बात की है। वह फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग की अगली फिल्म में अभिनय करती हुई दिखाई देंगी। स्टीवन की अन्य फिल्मों की तरह ये भी रहस्यों से भरी हुई होगी। यह फिल्म स्पीलबर्ग द्वारा बनाई गई कहानी पर आधारित है। इसमें डेविड कोएप की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्होंने 'जुरासिक पार्क', 'वॉर ऑफ द वर्ल्ड्स', 'इंडियाना जोन्स एंड द किंगडम ऑफ द क्रिस्टल स्कल' लिखी थी। स्टीवन स्पीलबर्ग की ये फिल्म अगले साल 15 मई को रिलीज की जाएगी। एमिली ब्लंट इससे पहले क्रिस्टोफर नोलन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ओपेनहाइमर' में नजर आई थीं। इस एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इसके अलावा वह 'एज ऑफ टुमॉरो', 'इनटू द वुड्स' जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। ब्लंट 'ए क्वाइट प्लेस' में भी अभिनय करती हुई नजर आई थीं। एमिली ब्लंट 'एज ऑफ टुमॉरो' और 'जंगल क्रूज 2' के सीक्वल से भी जुड़ी हुई हैं।

इसके अलावा स्टीवन स्पीलबर्ग की बात करें तो वह तीन बार ऑस्कर विजेता रहे हैं। उन्होंने 'सेविंग प्राइवेट रयान' और 'शिंडलर्स लिस्ट' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता है। 'शिंडलर्स लिस्ट' फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार भी मिला था। स्पीलबर्ग ने हाल ही में 'द फैबेलमैन्स' का निर्देशन किया था। इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म और स्पीलबर्ग के निर्देशन सहित सात ऑस्कर नामांकन मिले।

एमिली ब्लंट के फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग की अगली फिल्म में होने की खबर से उनके फैंस बेहद खुश हैं। इस खबर के बाद से फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, ब्लंट भी इस फिल्म से जुड़ने पर काफी उत्साहित हैं। रहस्यों से भरी स्टीवन स्पीलबर्ग की ये फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### टॉलीवुड

## कुणाल ने मारी 'विश्वंभरा' में एंट्री, चिरंजीवी से होगी टक्कर



चिरंजीवी की फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर अब तेजी से नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म निर्माताओं की ओर से इसमें काम कर रहे एक और कलाकार के नाम से परदा हटा दिया गया है। यह कलाकार बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में काम कर चुका है, जिनमें 'रंग दे बंसती' और 'डॉन 2' समेत कई फिल्में शामिल ह खबर यह है कि 'विश्वंभरा' में कुणाल कपूर भी अभिनय करते हुए नजर आएंगे। इसकी घोषणा फिल्म का निर्माण कर रही यूवी क्रिएशंस कंपनी द्वारा की गई है। यूवी क्रिएशंस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुणाल की फोटो अपलोड करते हुए उनका फिल्म में स्वागत किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं, जो चिरंजीवी के किरदार से टक्कर लेते हुए दिखाई देंगे। 'विश्वंभरा' पर तेजी से काम किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन वशिष्ठ मल्लिदी कर रहे हैं। फिल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। इसमें चिरंजीवी और कुणाल कपूर के अलावा तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में, आशिका रंगनाथ के भी फिल्म से जुड़ने का एलान किया गया था। इन सभी के अलावा ईशा चावला, राम्या पसुपलेटी और आश्रिता वेमुगंती नंदूरी भी अदाकारी करती नजर आएंगी। 'विश्वंभरा' को बनाने में मोटा पैसा खर्च किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसे 250 करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बजट में बनाया जा रहा है। फिल्म में एमएम कीरवानी का संगीत सुनने को मिलेगा, जो 'आरआरआर' के 'नाटू नाटू' गाने के लिए ऑस्कर जीत चुके हैं। सिनेमैटोग्राफी का जिम्मा छोटा के नायडू पर हैं। इसके संवाद साई माधव बुर्रा ने लिखे हैं।

### भोजपुरी

## बीच सड़क बारात देख आम्रपाली पर छाई मस्ती, रोकने पर भी नहीं रुके कदम



आम्रपाली दुबे जितनी खूबसूरत हैं, उनकी अदाकारी में जितना ठहराव है, मन से वह उतनी ही चंचल भी हैं। हमने पर्दे से इतर असल जिंदगी में आम्रपाली को ऐसे ही देखा है। फिर हाल ही दिनेश लाल यादव निरहुआ के लिए चुनाव प्रचार ही क्योंग ना हो। आम्रपाली हर पल को खूब एंजॉय करती हैं। फिल्मह 'डोली सजा के रखना' में एक ऐसा ही गाना है 'सुतेला बलम गोद थरिए', जिसमें आम्रपाली दुबे पर्दे पर भी ऐसी ही चंचलता लेकर आती हैं। राइटर-डायरेक्ट'र रजनीश मिश्रा की इस फिल्मि में आम्रपाली दुबे के साथ खेसारी लाल यादव की जोड़ी है। फिल्मे में रक्षा गुप्तो, विनोद मिश्रा, अनूप अरोड़ा, समर्थ चतुर्वेदी, अयाज खान, रीना रानी, विद्या सिंह, अखिलेश कुमार, बीना पांडेय, संतोष पहलवान और दीक्षा अरोड़ा जैसे दमदार कलाकार हैं। फिल्मप के इस गाने में सड़क पर बारात का सीक्वेंयस हैं, जहां आम्रपाली अपनी सहेली के साथ भरदम मस्तीकि मूड में हैं। गाने की शुरुआत आम्रपाली दुबे से होती है, जहां वह पानी पूरी खा रही हैं।

## पूर्वोत्तर की बयार

लाइफ स्टाइल




संयुक्त राष्ट्र और ब्रिटिश काउंसिल के समर्थन से गुवाहाटी में हुए एक आयोजन में उत्तर पूर्व के 7 राज्यों से प्रमुख फैशन डिजाइनरों ने हिस्सा लिया। इनमें जेन्जुम गादी अरुणाचल प्रदेश/नागालैंड, कुजू- कर्मा सोनम सिक्किम, डैनियल सिम मेघालय, खुमानथेम-रिचना खुमानथेम मणिपुर, टिल्ला-अरात्रिक देव वर्मन, त्रिपुरा ने भागीदारी दी। यहां त्रिपुरा की आदिवासी महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले ब्रेस्ट क्लॉथ से लेकर सिक्किम की बिछुआ बुनाई तक, इन डिजाइनरों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे पारंपरिक कपड़े और तकनीक नई तकनीकों और बाजारों के अनुकूल ढल जाती हैं।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

### प्याज का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए पहले आपको प्याज को छिलना है फिर इसे घिसकर रस निकालना है। फिर इसे अपनी आईब्रो पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपकी आइब्रो घनी हो जाएगी।हफ्तों में दिखने लगेगा असर।

## सिल्क साड़ी के साथ ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल




स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

## टैनिंग के कारण काली पड़ी गर्दन को साफ करने का घरेलू उपाय जानें

त्वचा की देखभाल करने के लिए आपको घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बाहर मिलने वाले प्रोडक्ट्स में केमिकल मौजूद होते हैं। त्वचा की देखभाल करना हम सभी को पसंद होता है और इसके लिए आपको मार्केट में कई सारे प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे। वहीं देखभाल केवल चेहरे की त्वचा की ही नहीं, बल्कि शरीर के बाकी अंगों को भी साफ-सुथरा रखना बेहद जरूरी होता है। अक्सर हमारी गर्दन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काली पड़ जाती है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।

**काली गर्दन पर ओटमील, गुलाब जल और बेसन लगाने के फायदे :** ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है। गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है। बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।



**काली गर्दन को साफ करने क्या करें ?:** काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के ये खूबसूरत डिजाइंस, आजमाएं

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है।



चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज जानिए इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस के बारे में, जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे।

**हूप इयररिंग डिजाइन :** हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

**झुमकी इयररिंग डिजाइन :** आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

**सुई धागा इयररिंग डिजाइन :** सुई धागा डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। इस तरह के में आपको डबल इयररिंग्स डिजाइन और इयरकफ स्टाइल इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों को हैवी लुक भी देने में मदद करेंगे। वहीं इसके अलावा आप चैन स्टाइल इयररिंग्स को भी स्टाइल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल

# अपना कान्फिडेंस मजबूत रखने ऑफिस के लिए चुने सही ड्रेसिंग

*ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में। ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-*



### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।

### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए। अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें। ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।



### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं।